दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 284 जयपुर, रविवार, 22 सितंबर, 2024 । आश्विन, कृष्ण पक्ष-पंचमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### बाइडेन के निवास पर मोदी, द्विपक्षीय वार्ता शुरू



**नई दिल्ली।** अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच द्विपक्षीय बैठक शुरू हो गई है। यह बैठक ग्रीनविले के डेलावेयर में बाइडेन के निवास में हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने और संयुक्त राष्ट्र में एक महत्वपूर्ण सम्मेलन को संबोधित करने के लिए अमेरिका पहुंचे हैं। उनका यह दौरा तीन दिन का है। पीएम न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व मोदी विलमिंगटन की यात्रा के लिए फिलाडेल्फिया पहुंचे। फिलाडेल्फिया हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में अनिवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया।

*(पेज 8 भी देखें)*

### एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह होंगे वायुसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह अगले भारतीय वायुसेना प्रमुख होंगे। वह एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की जगह लेंगे। वर्तमान वायुसेना अध्यक्ष 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। दिसंबर 1984 में कमीशन प्राप्त लड़ाकू पायलट एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह वर्तमान में भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख हैं। बताया गया है कि एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह 30 सितंबर की दोपहर से वायुसेना अध्यक्ष का का पद संभालेंगे। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह 21 दिसंबर 1984 को इंडियन एयरफोर्स में कमीशंड हुए थे। वें एक क्वालीफायड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
**अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए**
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## उदयपुर में पैंथर का आतंक: पकड़ने के लिए आर्मी ने संभाला मोर्चा

# आदमखोर हो चुका है तेंदुआ... दो दिन में किया तीन लोगों का शिकार

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले के गोगुंदा इलाके में आदमखोर पैंथर का आतंक है। पैंथर पिछले दो दिनों में तीन लोगों का शिकार कर चुका है। अब इसे पकड़ने के लिए आर्मी ने मोर्चा संभाल लिया है। सेना के जवान ड्रोन से निगरानी करते हुए पैंथर का मूवमेंट देख रहे हैं। छाली गांव के सरपंच गणेश खैर ने कहा कि गोगुन्दा क्षेत्र में इस पैंथर की आवाजाही दिखाई दे रही है। आदमखोर पैंथर को पकड़ नहीं पाने पर ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भी गुस्सा है। अब विभाग ने सेना की सहायता ली है।

ड्रोन से मूवमेंट पर नजर रखी जा रही, ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति गुस्सा





### नहीं मिल रही लोकेशन

हालांकि, घनी पहाड़ियों के कारण पैंथर की लोकेशन पता नहीं लग पाई है। घटनास्थल वाले छाली गांव में ग्रामीणों में भय का माहौल है। उन्हें ऐसा लग रहा है मानो कदम-कदम पर मौत मंडरा रही है। छाली गांव में करीब 4 किलोमीटर दायरे में पांच पिंजरे लगाए गए हैं। गांव के चप्पे चप्पे पर वन विभाग और आर्मी के जवान अलर्ट पर हैं।

### सरपंच ने की गांव वालों से घरों में ही रहने की अपील

छाली गांव के सरपंच गणेश खैर ने कहा कि पैंथर के मुंह पर इंसानी खून लग गया है। इसलिए उसे गोली मारने के आदेश दिये जाए। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और घरों में ही रहने की अपील की।

### 1-2 दिन में पकड़ने का दावा

वन विभाग ने भी गांव वालों से घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। विभाग के डीएफओ ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के बताए घटनाक्रम से ऐसा लगता है कि तीनों शिकार एक ही पैंथर ने किए हैं। उम्मीद है कि 1 से 2 दिन में पैंथर हमारी पकड़ में आ जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग को फिलहाल पैंथर को सिर्फ ट्रेंकुलाइज करने के आदेश मिले हैं। शूट करने संबंधी कोई जानकारी नहीं है। तकनीकी पक्षों को ध्यान में रखकर एफएसएल टीम की मदद से भी जांच करवा रहे हैं।

## विभिन्न राज्यों में लगे राजस्थान के IAS संग राइजिंग राजस्थान संबंधी में बैठक

# राजस्थान में निवेशकों को हरसंभव मदद करेगी राज्य सरकार: सीएम

- विकसित राजस्थान की यात्रा में राजस्थानी मूल के अधिकारियों के सुझाव अहम
- राइजिंग राजस्थान सम्मेलन से प्रदेश को बनाया जाएगा निवेश का प्रमुख केन्द्र

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान की यात्रा में राजस्थानी मूल के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके अनुभव, सुझाव और संपर्क राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों से प्राप्त सुझावों को राज्य की महत्वपूर्ण नीतियों में शामिल किया जाएगा।

शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न राज्यों में पदस्थापित राजस्थानी मूल के भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्च अधिकारियों के साथ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक राजस्थान में वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राजस्थान को निवेश के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में स्थापित करना है और इसके माध्यम से राज्य के विकास में नए आयाम जोड़ने हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश की प्रगति के लिए मूलभूत ढांचे का विकसित होना आवश्यक है। इसलिए हमारी सरकार पहले दिन से ही बिजली, पानी, परिवहन और आधारभूत ढांचे के विकास पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ईआरसीपी एवं यमुना जल वितरण जैसे समझौते, तथा देवास परियोजना शुरू करने एवं इंदिरा गांधी नहर में अधिक पानी सुनिश्चित करने जैसे अहम कदमों से प्रदेश में पर्याप्त जलापूर्ति के लिए गतिशील है।



### अक्षय ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनने का प्रयास

इसके अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2.24 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए गए हैं जो धीरे-धीरे धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन और खनन क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। राज्य में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए नए स्थान चिह्नित किए गए हैं। जिनका विकास किया जा रहा है। कई स्थानों पर हवाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### निवेशकों के अनुकूल बन रही नीतियां

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियां बनाने सहित उनको हरसंभव मदद दे रही है। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पर्यटन, कृषि एवं ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। राइजिंग राजस्थान समिट के माध्यम से राज्य सरकार राजस्थान को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए भी एक आकर्षक राज्य बनाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों, उद्योगपतियों और निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें।

### इन आला अफसरों से हुई बात

इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र कैडर के एसीएस राजेश कुमार, बिहार के सीएस अमृत लाल मीना, पश्चिम बंगाल कैडर के पंचायतीराज सचिव विवेक भारद्वाज, गुजरात कैडर की एसीएस अंजू शर्मा, उत्तर प्रदेश कैडर के प्रमुख शासन सचिव बाबू लाल मीना, केरल कैडर के एसीएस डॉ. देवेन्द्र डोडावत, महाराष्ट्र कैडर के राज्य विद्युत वितरण कंपनी के एमडी लोकेश चंद्र, तमिलनाडु कैडर के चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट अध्यक्ष सुनील पालीवाल, उत्तर प्रदेश कैडर के प्रमुख शासन सचिव पिछडा वर्ग कल्याण सुभाष चंद्र शर्मा, पंजाब कैडर के प्रमुख शासन सचिव मुद्रण और स्टेशनरी वीरेन्द्र कुमार मीना, तमिलनाडु कैडर के प्रमुख शासन सचिव नागरिक आपूर्ति डॉ. हर सहाय मीना, गुजरात कैडर के प्रमुख शासन सचिव धनंजय द्विवेदी, महाराष्ट्र कैडर के प्रमुख शासन सचिव सौरभ विजय से विभिन्न मुद्दां पर चर्चा की। वीसी में केंद्र सरकार के इस्पात सचिव संदीप पोंड्रिक, जल शक्ति और पेयजल सचिव, अशोक कालूराम मीना, उत्तर प्रदेश कैडर की प्रमुख शासन सचिव वीणा कुमारी मीना, असम/मेघालय कैडर के एसीएस संजय लोहिया भी जुड़े।


### अधिकारियों ने दिए रचनात्मक सुझाव

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अपने-अपने राज्यों में निवेश के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए कई रचनात्मक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों और सौर एवं पवन ऊर्जा तथा खनिज क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए निवेशक आकर्षिक हो रहे हैं।

**ये रहे मौजूद:** बैठक में मुख्यमंत्री निवास से मुख्य सचिव सुधांश पंत, एसीएस सीएमओ शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव सीएमओ आलोक गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य रोहित गुप्ता, एमडी रीको इंद्रजीत सिंह, विशिष्ट शासन सचिव सीएमओ संदेश नायक उपस्थित रहे।

## बाड़मेर में युवक के साथ क्रूरता

# चचेरे भाइयों ने अर्धनग्न कर पीटा... पिलाया पेशाब



**बेधड़क** | बाड़मेर

सोशल मीडिया पर वायरल जिले के एक वीडियो ने सभी को चौंका दिया है, खासकर पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया है। वीडियो में कुछ लोग जिले के एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं और उसके साथ घिनौनी हरकत करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी युवक को अर्धनग्न कर पीट रहे हैं, फिर उसे बोतल में डालकर पेशाब पीने के लिए मजबूर करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद बाड़मेर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वीडियो बाड़मेर जिले के चोहटन क्षेत्र के धनाऊ थाना अंतर्गत बामनोर गांव का बताया जा रहा है।

### पुलिस ने यह बताया

बाड़मेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसराम बोस ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई की गई और आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। साथ ही, शुरुआती जांच में सामने आया कि पीड़ित युवक किसी के घर में घुस गया था, जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि मामले को लेकर शिकायतकर्ता से संपर्क कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दूसरी तरफ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके के लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिला। वहीं, पुलिस ने इस मामले में जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर शांति बनाए रखने की अपील की है।

### 16 सितंबर की बताई जा रही है घटना

इस मामले में पीड़ित जुंजाराम ने धनाऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उसने बताया कि 16 सितंबर को वह अपने घर जा रहा था। इस दौरान उसके चचेरे भाई भगवानाराम तेजाराम व गेनाराम ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की तथा अर्धनग्न कर पेशाब पिलाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए धनाऊ थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मीडिया से रू-ब-रू

# उपचुनाव में कांग्रेस के लिए 6 सीट बचाने की चुनौती, जीतेगी तो भाजपा

- उपचुनाव वाली सीटों में से केवल एक सीट थी भाजपा के पास
- भाजपा का सदस्यता अभियान संतोषप्रद, 25 लाख से ज्यादा सदस्य बने
- प्रसाद में पशु चर्बी पर कहा कि आस्था से खिलवाड़ पर हो कड़ी कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के सामने सात में से छह सीट बचाने की चुनौती है, क्योंकि जिन सात सीटों पर चुनाव होना है, उनमें से भाजपा के पास पहले केवल एक ही सीट थी। हम उस पर जीतने के साथ ही जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस से सीटें छीनेंगे। राठौड़ ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि आस्था से खिलवाड़ पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। यह देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था का विषय है, जिसकी उच्च स्तर पर जांच होकर दोषियों को दंडित करने की जरूरत है।



### केजरीवाल को बहुत पहले ही दे देना था इस्तीफा

राठौड़ ने दिल्ली में केजरीवाल के इस्तीफे और नई मुख्यमंत्री के शपथ लेने संबंधी एक सवाल के जवाब में कहा कि अरविंद केजरीवाल को बहुत पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था, राजनीति में भी गरिमा होती है। उन्होंने कहा की नई मुख्यमंत्री के प्रति मेरी शुभकामनाएं है और उनसे अपेक्षा है कि जिस प्रकार पहले वहां हुआ वह नहीं हो वे आदर्श व्यवहार करें और शुचितापूर्ण शासन प्रशासन वहां की जनता को दे।

### आडवाणी के इस्तीफे का दिया उदाहरण

भाजपा में हमारे वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने एक सिगरेट की पैकेट पर केवल 'एल के' नाम लिखे होने पर आदर्श स्थापित करते हुए न केवल इस्तीफा दिया, बल्कि निर्दोष होने के बाद ही संसद में पहुंचे। यह राजनीति में गरिमा का आदर्श उदाहरण है, परन्तु केजरीवाल स्वयं और उनके मंत्रिमंडल के कई साथी जेल में रहे पर कुर्सी पर बने रहे।

### भाजपा की सदस्यता ले चुके 5 करोड़ लोग

भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता महा अभियान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान की प्रगति संतोषप्रद है देश भर में साढ़े पांच करोड़ से ज्यादा सदस्य बने हैं और राजस्थान में भी 25 लाख से ज्यादा सदस्य अब तक बन जाने की प्रारंभिक जानकारी है।

## जरूरी खबर

### रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी का आज भरतपुर दौरा



**जयपुर**। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री और रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी रविवार को भरतपुर आएंगे। वे यहां जन कौशल संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस मौके पर राजस्थान में रालोद के एकमात्र विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने कहा कि मैं पार्टी का अनुशासित सिपाही हूं। केंद्र की भाजपा सरकार के साथ राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) का जो गठबंधन हुआ है, उस निर्णय से हम सब बंधे हुए हैं। जयंत चौधरी रविवार को भरतपुर में कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय द्वारा निकाले जाने वाले कौशल रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।

### कलेक्ट्रेट का गेट तोड़ अंदर घुसे कांग्रेस कार्यकर्ता

**जयपुर**। राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बूंदी में कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। इस मौके पर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम जिला परिषद के सीईओ रवि वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिले के तीनों विधायकों की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में प्रवेश को लेकर कांग्रेस नेताओं की पुलिस से कुछ देर बहस हुई। इसी बीच आक्रोशित कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ता नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट के अंदर घुस गए। धक्कामुक्की में कलेक्ट्रेट का मुख्य द्वार टूट गया।

### सऊदी अरब के पर्यटन मंत्री से मिले गजेंद्र शेखावत



**जयपुर**। ब्राजील में आयोजित पहले जी-20 पर्यटन मंत्रीस्तरीय सम्मेलन में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांस्कृतिक विनिमय व विरासत को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम से इतर शेखावत ने सऊदी अरब के पर्यटन मंत्री अहमद बिन अकील अल-खतीब से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच भारत-सऊदी अरब पर्यटन संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। शेखावत ने स्पेन के पर्यटन मंत्री जोर्डी हेरेयू आई बोहर और चेक गणराज्य के डिजिटलीकरण के उप प्रधानमंत्री और क्षेत्रीय विकास मंत्री इवान बारतो से भी मुलाकात की।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती 25 को, कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

# अब भारत हर स्थिति से मुकाबला करने में सक्षम: मदन राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर 25 सितंबर को भाजपा की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश मुख्यालय में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

राठौड़ ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली, धानक्या में उनकी 108 वाँ जयन्ती के अवसर पर स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है जिसका विषय "भारतीय ज्ञान परंपरा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय" है। राठौड़ ने कहा कि मेक इन इंडिया की तर्ज़ पर हमने यहां काम करना प्रारंभ कर दिया है




अब मोबाइल के क्षेत्र में सबसे ज्यादा उत्पादन भारत में होने लग गया है। अब भारत किसी देश पर निर्भर नहीं है भारत अब ख़ुद उत्पादन करने लगा है। कच्चा माल भी अब निर्यात नहीं कर रहे हैं, हमारे यहीं के कच्चे माल का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब हम समृद्ध है, सुधर्द्ध है, चाकचौबंध है।

### पाकिस्तान पर कटाक्ष

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाकिस्तान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अभी पड़ौस के देश में जो आराजकता है वो आपके सामने हैलेकिन हमारे देश ने हमारी सभी सीमाये सील करके उसको रोक दिया है | अगर वो लोग भारत में घुसते तो भी क्या करते ।हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , नेशनल एजेंसी लगातार नज़र बनाए हुए थे। वहाँ पर थानो पर लोगो ने कब्जा कर लिया था वहाँ के आर्म्स लोगो लूट लिए थे , वहाँ का नायायधीश दुबक के बैठा गया था , सेना से हथियार डाल दिये थे , वहाँ का शासक भाग गया था। ऐसी स्थिति में का नोबेल पुस्कार प्राप्त व्यक्ति को बिठाने में भी भारत का ही रोल था।हम सावधान है और परिस्थिति से मुक़ाबला करने के लिए सक्षम है हमारे यहाँ ऐसी विकट स्थिति नहीं बन सकती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश, समारोह समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहनलाल छीपा उपस्थिति रहे ।

### समाज को संस्कारित करने की जरूरत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज प.पू. आचार्य देव श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी मा. सा.के शिष्य परम पूज्य आचार्य देव श्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वर मा.सा. महाराज के चतुर्मास कार्यक्रम में जवाहर नगर स्थित जैन मंदिर में पहुंच आशीर्वाद लिया। इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि समाज को इस बात पर चिंतन करने की जरूरत है कि वृद्धाश्रम क्यों खोले जाएं? आवश्यकता वृद्धाश्रम से ज्यादा इस बात की है कि समाज संस्कारित हो इसके लिए कुटुम्ब प्रबोधन के माध्यम से परिवार और समाज के बड़े बुजुर्गो के अनुभवों से सीखें और उनका सम्मान करें। विश्वरत्नसागर सूरीश्वर महाराज समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी को संस्कारित करने का काम कर रहे है जो समय की जरूरत है। वे आचार्य देव श्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वर मा.सा. महाराज के सानिध्य में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि चातुर्मास का लाभ हम सबको मिल रहा है,सौभाग्य से मुझे भी जिस दिन मेरी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में घोषणा हुई उस दिन भी महाराज साहब का आशीर्वाद प्राप्त हुआ, मै पहले दर्शन से ही आपसे बहुत प्रभावित हूं।

## राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् का अधिवेशन

# सशक्त और अग्रणी राजस्थान की दिशा में बढ़ना है आगे: CM

- मुख्यमंत्री ने परिषद के शपथ ग्रहण समारोह को किया संबोधित
- अग्रणी राजस्थान के लिए अधिकारियों की जवाबदेही जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को आयोजित राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् के अधिवेशन व शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को कई नसीहत दीं, साथ ही प्रदेश के विकास में उनकी जवाबदेही पर भी बात की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सेवा में प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए प्रभावी प्रशासन की आवश्यकता होती है। हम सभी को मिलकर एक सशक्त और अग्रणी राजस्थान की दिशा में आगे बढ़ना है और इसके लिए अधिकारियों का जवाबदेह होना बहुत जरूरी है। कार्यों के प्रति उत्तरदायी होने से हमें प्रेरणा मिलती और हमारे काम की गुणवत्ता में भी सुधार आता है।

उन्होंने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी इस सेवा को एक नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी प्रियंका बिश्नोई के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् के नव नियुक्त अध्यक्ष महावीर खराड़ी, निवर्तमान अध्यक्ष गौरव बजाड़, नव गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण एवं परिषद् के सदस्यों के रूप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं पूर्व अधिकारी उपस्थित रहे।



### विकसित राजस्थान से बनेगा विकसित भारत

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में विकसित राजस्थान भी एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। विकसित राजस्थान से ही विकसित भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिनरल्स, पर्यटन तथा ऑटो मोबाइल सहित कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार इन क्षेत्रों में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। इसी दिशा में 9 से 11 दिसम्बर तक राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा।

### प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण: बैरवा

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी लक्ष्यों को पूरा करने में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, जो जन नेता और जनता के बीच कड़ी का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास की मूल भावना के साथ कार्मिकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है।

### पूर्ववर्ती सरकार ने लिए अविवेकपूर्ण निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन सरकार और जनता को जोड़ने वाली अहम कड़ी है। लोकसेवकों के साथ जुड़ाव एवं विश्वास होने से आमजन अभाव में उनके पास आते हैं। इसलिए प्रशासनिक कार्यों में कुशलता एवं मानवीय संवेदनाओं के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। हमारी सरकार में बिना किसी पूर्वाग्रह एवं भेदभाव के अधिकारियों के मूल्यांकन का आधार सिर्फ काम के प्रति समर्पण, जनता के प्रति जवाबदेही एवं ईमानदारी है। शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में नीतियों और योजनाओं को लागू करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में उपखण्ड व अतिरिक्त जिला कलक्टर स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में दौरे कर पुराने प्रकरणों का निस्तारण करने की दिशा में पहल करनी चाहिए।

## पूर्ववर्ती सरकार में इंडस्ट्री लगाना था दूभर

# इंडस्ट्री के मामले में प्रदेश बनेगा हब: दिया कुमारी



**बेधड़क** | जयपुर

भीलवाड़ा नगर परिषद के महाराणा प्रताप सभागार में शनिवार को लघु उद्योग भारती के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि अब राजस्थान पूरे विश्व में ग्लोबल इंडस्ट्री का हब बनेगा, साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय इंडस्ट्री लगाना बहुत चुनौतीपूर्ण था। अब राजस्थान में औद्योगिक सबमिट आयोजित हो रहा है। अब इंडस्ट्री के मामले में राजस्थान हब बनेगा। जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा।उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर चुटकी लेते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय इंडस्ट्री डालना बहुत चुनौतीपूर्ण काम था। अगर कोई भी व्यक्ति छोटा-मोटा उद्योग लगाना चाहता था, उसके लिए वातावरण में इकोसिस्टम सही नहीं था, नेगेटिव था। अब राजस्थान में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट है। इसमें आप सभी लोग भाग लेने के साथ ही एक साथ मिलकर प्रयास करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिले।

दीया कुमारी ने कहा कि हमारे मंत्री व मुख्यमंत्री औद्योगिक सबमिट को लेकर विदेश यात्रा कर रहे हैं। हम सब प्रयास कर रहे हैं कि राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा निवेश आए और विशेष कर भीलवाड़ा में आए। क्योंकि भीलवाड़ा एक टैक्सटाइल हब है। इस बार टेक्सटाइल पार्क के लिए भी काम चल रहा है। भीलवाड़ा में बहुत बड़ा टेक्सटाइल पार्क बनेगा और ज्यादा से ज्यादा मैन्युफैक्चरिंग की इंडस्ट्री भीलवाड़ा में ही होगी। इस दौरान केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मंत्री संजय शर्मा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल सहित जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व लघु उद्योग भारती से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दूदू में भाजपा का सदस्यता अभियान

# अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्धजनों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती एक दिवसीय प्रवास पर जयपुर देहात दक्षिण जिले में रहें। जहां उन्होंने प्रवास के दौरान ''भाजपा सदस्यता अभियान-2024'' के तहत दूदू विधानसभा के मण्डल दूदू दक्षिण के गांव मौजमाबाद में अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर, उन्हें मिस्ड



कॉल के माध्यम से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जंग बहादुर पठान, प्रदेश आई.टी सेल संयोजक इरशाद हसनपुरा, जिलाध्यक्ष इस्लाम नागोरी, अभियान के जिला संयोजक हामिद नागौरी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जूली का सरकार पर हमला

# कोई फैसला नहीं ले पा रहे सीएम भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। जूली ने कहा कि सीएम भजनलाल कोई फैसला नहीं ले पा रहे हैं। ये सरकार फेल है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को हर जिले में भेजा। मंत्रियों के हाथ में कुछ नही है। मंत्रियों की कोई सुनता नहीं, पूछता नही। मंत्रियों की मुख्यमंत्री नहीं मानते। खुद मुख्यमंत्री की ही नहीं चल रही है। राजस्थान के सीएम कोई फैसला



नहीं ले पा रहे हैं। जूली शनिवार को झुंझुनूं दौरे पर थे, जहां उन्होंने कार्यक्रमों में शिरकत की इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रहार किए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर वार करते हुए जूली बोले- शिक्षा मंत्री बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। पहले दिन ऑर्डर निकालते हैं, दूसरे दिन वापस ले लेते हैं। प्रदेश में शिक्षा मंत्री बदलने की जरूरत है। इसके बाद ही विभाग में सही से काम होंगे। शिक्षा मंत्री आदेश देते हैं कि टीचर स्कूल में मोबाइल नहीं लेकर जाएंगे। दूसरे दिन आदेश आता है कि शिक्षक मोबाइल से बच्चों का डेटा तैयार करें। उन्होंने कहा- प्रदेश में क्राइम चरम सीमा पर है। झुंझुनूं में दलित युवक की शराब माफियाओं ने पीट-पीट कर हत्या की।

## जयपुर पहुंचे विहिप संगठन महामंत्री

# मंदिरों के संचालन का जिम्मा हिंदू समाज को दिया जाए: मिलिंद परांडे

- मतांतरण के खिलाफ काम करेगा बजरंग दल

**बेधड़क** | जयपुर

अब तक गोरक्षा और लव जिहाद को लेकर काम करने वाला बजरंग दल अब मतांतरण के खिलाफ भी काम करेगा। इसके साथ ही युवाओं में बढ़ती नशे की लत के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए रन फॉर हेल्थ का आयोजन करेगा। इसमें देश भर के 7 हजार स्थानों पर 10 दिन में युवा जागरुकता के लिए दौड़ेंगे। बजरंग दल की राष्ट्रीय



बैठक में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने यह जानकारी दी। उन्होंने तिरुपति बालाजी के प्रसाद में पशु चर्बी और मछली का तेल मिलने पर चिंता व्यक्त करते हुए देश के सभी मंदिरों को सरकार की बजाय हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए। बजरंग दल के कार्य विस्तार को लेकर चल रही राष्ट्रीय बैठक में देश के सभी प्रान्तों के 100 से ज्यादा कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए मिलिंद परांडे ने बताया कि युवाओं में नशा मुक्ति के लिए बजरंग दल ने नवंबर महीने में एक कार्यक्रम की योजना बनाई है। इसके तहत पूरे देश में हर प्रखंड स्तर तक रन फॉर हेल्थ के तहत नशा मुक्ति के लिए लाखों युवा दौड़ेंगे। नशा मुक्ति को लेकर ये देशभर में अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। देश में 10 दिन में करीब 7000 स्थान पर ये आयोजन कराया जाएगा।

### जनसंख्या असंतुलन के चार कारण

मिलिंद परांडे ने कहा कि आज देश भर में अनेक क्षेत्रों में हिंदू जनसंख्या में असंतुलन हो रहा है। मतांतरण करने का षड्यंत्र चल रहा है। पूरे देश में हिंदू जनसंख्या में असंतुलन हो रहा है। अब मतांतरण की चुनौती को भी बजरंग दल अपने हाथ में लेगा। उन्होंने कहा कि अब बजरंग दल पूरे देश में फोकस करेगा। साथ ही लव जिहाद पर भी बजरंग दल का फोकस रहेगा। बीते 4-5 सालों में देश के 10 राज्यों में मतांतरण के खिलाफ कानून आ गया है। चूंकि ये नेशनल समस्या है, इसलिए इसका कोई केंद्रीय कानून होना ही चाहिए। इस संबंध में सभी राजनीतिक दलों से बात की जाएगी।

### तिरुपति बालाजी के प्रसाद में पशु चर्बी पर नाराजगी

मिलिंद परांडे ने कहा कि तिरुपति बालाजी में मंदिर में लड्डू प्रसाद में पशु की चर्बी, मछली का तेल मिलाकर देने का मामला हिंदू समाज की आस्था का घोर अपमान है। ये मंदिर सरकार के अधीन है। हिंदू मंदिरों के साथ ये पक्षपात है। विश्व हिंदू परिषद की ये मांग है कि सारे मंदिर हिंदू समाज को सौंप देने चाहिए। भारत के दक्षिणी हिस्से में ये समस्या ज्यादा बढ़ी है। यहां एक-एक राज्य में हजारों मंदिर सरकारी नियंत्रण में है। विश्व हिंदू परिषद के संगठन महामंत्री ने कहा कि देश में कई जगह गणपति उत्सव के दौरान हुए हमले हुए है। ऐसे तत्वों को बहुत कठोरता से कुचलने की आवश्यकता है। ऐसे तत्वों को ढूंढकर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### अवैध भंडारण किए गए 47 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**जयपुर।** रसद विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए किशनगढ़-रेनवाल क्षेत्र के पचकोड़िया में घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण का पर्दाफाश किया है। जिला रसद अधिकारी जयपुर ग्रामीण त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि विभाग के प्रवर्तन दस्ते ने किशनगढ़-रेनवाल क्षेत्र के पचकोड़िया में अवैध भंडारण किए गए 47 घरेलू गैस सिलिंडर जब्त किए। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई के लिए गठित दल ने पचकोड़िया ग्राम में 36 भरे एवं 11 खाली सिलेंडर सहित कुल 47 घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध जखीरा बरामद किया। जिन्हें टीम द्वारा मौके पर ही जब्त किया गया ।

### लिफ्ट लगाते समय पांचवीं मंजिल से गिरा युवक, मौत

**जयपुर** । मानसरोवर थाना इलाके में पांचवीं मंजिल से नीचे गिरने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह निर्माणाधीन बिल्डिंग में लिफ्ट लगाने का काम कर रहा था। मृतक के भाई ने लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज कराया है। एएसआई मदन लाल ने बताया कि हादसे में उनियारा टोंक निवासी मोहम्मद साबिर (34) की मौत हो गई। जो पिछले तीन साल से हटवाड़ा सब्जी मंडी के पीछे सोडाला में रह रहा था। पुलिस जानकारी के अनुसार गुर्जर की थड़ी स्थित प्रेम नगर फर्स्ट की निर्माणाधीन बिल्डिंग में मोहम्मद साबिर अपने कारीगर कारीगर मोहम्मद सरदार खान के साथ लिफ्ट लगाने का काम कर रहा था। पेड़े-रसियों को बांधते हुए पाचवीं मंजिल तक पहुंचे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर मोहम्मद साबीर पांचवीं मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर पर आ गिरा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## हेरिटेज निगम ने निकाली सिंगल यूज प्लास्टिक की अनूठी शव यात्रा

# जिसकी शव यात्रा में थे, उसी के बहिष्कार के लगा रहे थे नारे

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम की ओर से परकोटे के बाजारों में शनिवार को एक अनूठी शव यात्रा निकाली गई। जिसे देख हर कोई एक बार के लिए ठिठक कर रह गया।

दरअसल, नगर निगम हेरिटेज ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आमजन और व्यापारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिक की शव यात्रा निकाली। इस अनूठी शवयात्रा में नगर निगम के अधिकारी और सफाई कर्मचारी प्लास्टिक के खिलाफ नारे भी लगाते नजर आए।



### लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीना के नेतृत्व में शवयात्रा हेरिटेज नगर निगम मुख्यालय से प्रारंभ हुई, जो बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार होते हुए वापस निगम मुख्यालय पर आकर समापन हो गई। शव यात्रा के दौरान प्लास्टिक गो बैक, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर जोर दिया गया। रैली के समापन पर सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य शाखा की विशेष टीम, निगम स्वच्छता प्रहरी, सी फार एनजीओ, पीआईयू टीम सदस्य मौजूद रहे।

### प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक

यात्रा को शुरू करते हुए हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि प्लास्टिक सामग्री न केवल पर्यावरण अपितु मानव जीवन के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। इसके उपयोग से बचना चाहिए। प्लास्टिक थैली या अन्य वस्तु ले बजाए हमें कपड़े का या जूट का थैला उपयोग में लेना चाहिए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हेरिटेज निगम की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। दो अक्तूबर तक आमजन की सहभागिता से कई जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अवैध पशु डेयरी पर बंधी 50 गोवंश को पकड़ा

**जयपुर।** हेरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने लगातार दूसरे दिन भी अवैध पशु डेरियों के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई कर चौगान स्टेडियम के नजदीक बनी अवैध पशु डेयरी से 50 से ज्यादा गौवंश को पकड़ हिंगोनिया गौशाला पहुंचाया। पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में निराश्रित गौवंश के विचरण करने की शिकायतें आ रही थी। इस पर निगम टीम ने चौगान स्टेडियम के पास, ताल कटोरा कालोनी, ब्रह्मपुरी, कंवर नगर, जनता कालोनी समेत आस पास की कॉलोनियों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को पकड़ कर हिंगोनिया स्थित गौशाला में भिजवा दिया है। अवैध डेयरी के खिलाफ निगम लगातार कार्रवाई जारी रखेगा।

## सरकार ने शुरू की हेरिटेज मेयर के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी

# आज जारी हो सकते हैं मेयर मुनेश गुर्जर के सस्पेंशन ऑर्डर

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ सरकार ने एक्शन लेने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पट्टे की एवज में भ्रष्टाचार मामले पर मिले दूसरे नोटिस का जवाब नहीं देने पर स्वायत्त शासन विभाग विभाग स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह तक मुनेश के सस्पेंशन के ऑर्डर जारी हो सकते हैं।

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुनेश गुर्जर पर जो भी फैसला होगा, इसके बाद ही कार्यवाहक मेयर पर पार्षदों से चर्चा की जाएगी। पार्षद की राजनीति की समझ और शैक्षणिक योग्यता को पैमाना मानकर ही कार्यवाहक मेयर चुना जाएगा। मंत्री ने कहा कि मेयर के खिलाफ हमारे पास कांग्रेसी पार्षद भी आए हैं। उन्होंने भी इस बात को स्वीकार किया है कि हमारी मेयर ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। ऐसे में कार्यवाहक मेयर बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी।





### नोटिस का जवाब देने का समय खत्म हो रहा

बता दें कि नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर को पट्टे की एवज में रिश्वत मामले को लेकर स्वायत्त शासन विभाग ने 18 सितंबर को दूसरा नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था। लेकिन यह नोटिस मुनेश गुर्जर के पास रात 11 बजे पहुंचा था। इसकी तीन दिन (72 घंटे) की समय अवधि शनिवार रात 11 बजे बाद पूरी हो गई। ऐसे में स्वायत्त शासन विभाग द्वारा कभी भी कार्रवाई की जा सकती है। इसके बाद नगर निगम द्वारा कार्यवाहक मेयर बनाया जाएगा। इसको लेकर भी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने लॉबिंग तेज कर दी है।

### कोर्ट में 2 सप्ताह बाद सुनवाई होगी

दरअसल, रिश्वत लेने के मामले में हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर पर एसीबी में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका पर अब 2 सप्ताह बाद सुनवाई होगी। मुनेश की तरफ से शनिवार को कोर्ट में बहस के लिए समय मांगा गया था। मुनेश के वकील दीपक चौहान ने हाईकोर्ट में कहा- मामले में एसीबी ने चालान पेश कर दिया है। हमने इससे संबंधित दस्तावेज हाईकोर्ट में पेश किए हैं। ऐसे में हमें बहस के लिए समय दिया जाए। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बता दें कि एसीबी ने 19 सितंबर को मुनेश गुर्जर के खिलाफ चालान पेश किया था।

## हॉस्टल वार्डन से थी परेशान

# मेडिकल कॉलेज की छात्रा ने 7वीं मंजिल से लगाई छलांग

**बेधड़क** | जयपुर



सेज थाना इलाके में अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से छलांग लगाकर मेडिकल कॉलेज की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि हॉस्टल वार्डन से परेशान होकर युवती से आत्महत्या की है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने मृतक छात्रा के परिजनों के बयान दर्ज कर हॉस्टल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जांच अधिकारी एएसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि कोटा के ओम अर्बन हाइट्स सुभाष नगर निवासी 19 वर्षीय दिव्यांशी ने आत्महत्या है जो सांगानेर के साईपुरा में स्थित डॉ. एमपीके होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। दिसम्बर 2023 से कॉलेज कैंपस में बने गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। 29 अगस्त की शाम वह अपने मामा-मामी के साथ उनके महिंद्रा सेज स्थित घर आई थी। उसके मामा सातवीं फ्लोर स्थित फ्लैट में रहते हैं, जिसने कुछ बाद ही फ्लैट की लॉबी से नीचे छलांग लगा दी। इधर, दिव्यांशी के मामा जयंत कलवार ने हॉस्टल वार्डन व कॉलेज प्रशासन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। मृतका के मामा जयंत कलवार ने रिपोर्ट में बताया कि 29 अगस्त की शाम दिव्यांशी की मां सुनीलती का कोटा से फोन आया था कि हॉस्टल वार्डन ने उन्हें फोन कर कहा कि दिव्यांशी को हॉस्टल से निकाल रहे हैं। आप उसे जयपुर आकर हॉस्टल से तुरंत ले जाएं। बहन सुनीलती के कहने पर शाम पत्नी को साथ लेकर दिव्यांशी के हॉस्टल पहुंचा। हॉस्टल वार्डन सीमा मीणा से मिलने पर उन्होंने दिव्यांशी के खिलाफ शिकायतें करनी शुरू कर दीं। सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित करने के चलते दिव्यांशी को सदमा लगा। मौका मिलते ही दिव्यांशी ने लॉबी से छलांग लगा दी।

## अलवर से लाया गया था जयपुर सप्लाई के लिए

# 1000 KG नकली पनीर पकड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में नकली सपरेटा दूध के 1000 किलो पनीर से भरी गाड़ी पकड़ी। इसमें जंग लगे हुए बक्सों में भरकर पनीर अलवर के रामगढ़ के पास खिलौरा गांव से बनाकर इरफान मोहम्मद के द्वारा जयपुर में सप्लाई किया जा रहा था। उसे पनीर से भरी गाड़ी सहित पकड़ा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग पिछले चार दिनों से रेकी कर रहा था।



शनिवार को अपेक्स सर्किल से आगे जगतपुरा रोड पर बने डी मार्ट के पास नकली पनीर श्याम पनीर उद्योग को देते हुए पकड़ा। पूछताछ में इरफान ने बताया कि श्याम पनीर को यह 190 रुपए में देता है और श्याम पनीर के द्वारा जयपुर में अनेक प्रतिष्ठित होटल ढाबे रेस्टोरेंट पर यह पनीर 210 रुपए में सप्लाई कर दिया जाता है। यह पनीर सपरेटा दूध से बना हुआ है। इसमें तेल आदि मिले हुए हैं। लगभग एक दिन छोड़कर एक दिन यह गाड़ी जयपुर में पनीर सप्लाई करती है। मौके पर अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त पंकज अयोध्या खुद उपस्थित रहे और साथ में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंधी अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत की टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गई।

## डॉ. सौम्या गुर्जर ने पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

# मेयर ने बच्चों संग की रिवर फ्रंट की सफाई

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया तथा गीले और सूखे कचरे के बारे में भी समझाया। महापौर ने बच्चों के साथ द्रव्यवती रिवर फ्रंट की सफाई की। साथ ही वहां पड़ी प्लास्टिक की थैलियां, कांच एवं प्लास्टिक की बोतलों, पेड़ पौधों के सूखे पत्तों आदि सहित कचरे को अपने हाथों से उठाकर डस्टबिन में डाला। महापौर शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत द्रव्यवती रिवर फ्रंट पर द्रव्यवती रिवर सफाई एवं सौंदर्य करण अभियान में पहुंची थीं। इस अवसर पर मानसरोवर



जोन उपायुक्त लक्ष्मीकांत कटारा, पार्षद सहित स्कूली बच्चे संस्थाएं मौजूद रहे। सभी बच्चों, संस्थाओं और आम जन ने आधे घंटे में ही द्रव्यवती रिवर फ्रंट को स्वच्छ बना दिया। महापौर ने बच्चों को अपने शहर, अपने घर, अपने विद्यालय को स्वच्छ रखने की सीख दी।

महापौर ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी देश, शहर को स्वच्छता की वजह से पहचाना जाता है, हम सभी स्वच्छ भारत का इरादा मिलकर तभी साकार कर पाएंगे जब सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझें और प्रतिबद्ध होकर अपने शहर ,गांव, गली, मोहल्ले को साफ रखें। इसके अतिरिक्त शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सभी ओआईसी ने संबंधित जोन में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## पुलिस कमिश्नर ने जवानों के साथ की सफाई

# त्वरित न्याय के साथ ही स्वच्छ वातावरण देना भी हमारा दायित्व: जोसफ

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों एवं जवानों के साथ रिज़र्व पुलिस लाइन से सिंधी कैम्प बस स्टैण्ड तक सड़क के दोनों तरफ फैले कचरे की साफ-सफाई कर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिलने के साथ साथ यह भी दायित्व है कि हम हमारे आस-पास के वातावरण एवं जगह को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान करें।



### स्वच्छता एवं स्वास्थ्य एक दूसरे के पर्याय

उन्होंने बताया कि आमजन में स्वच्छता प्रति जागरूकता हो और वे स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जयपुर शहर को क्लीन सिटी बनाए रखने में अपना सहयोग करें। उन्होने कहा कि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य एक दूसरे के पर्याय हैं। जिस जगह स्वच्छता रहती है,वहां स्वस्थता अवश्य होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर को क्लीन सिटी,सेफ सिटी एवं सिक्योर सिटी बनाये रखने में अपना योगदान करें।

### सड़कों पर कचरा फैलाने वालों पर भी की जाएगी सख्त कार्रवाई

श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ कर रिजर्व पुलिस लाइन से सिंधी कैम्प बस स्टैण्ड तक सड़क के दोनों किनारे फैले कचरे एवं गंदगी की पुलिस अधिकारियों एवं जवानों द्वारा साफ-सफाई की गई। जयपुर पुलिस कमिश्नर जोसफ ने सिंधी कैंप बस स्टैण्ड के सामने स्थित दुकानदारों से कचरा एवं गंदगी न फैलाने की समझाइश कर उन्हें नियमित डस्टबिन रखने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

### श्रमदान अभियान में इन्होंने दिया योगदान

श्रमदान अभियान में अतिरिक्त जयपुर पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई, प्रीति चन्द्रा,कुंवर राष्ट्रदीप,उपायुक्त दिगंत आनंद, श्याम सिंह, अमित कुमार, सागर पुलिस लाइन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवाब खान एवं उप अधीक्षक प्रदीप यादव सहित जयपुर कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## जरूरी खबर

### पूर्व मंत्री ने ली बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक



**चाकसू।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी रहे कन्हैयालाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में चाकसू क्षेत्र उन्होंनें अभियान को गति प्रदान करते हुए भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भी अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारण के अनुरूप कार्य करने का आव्हान किया। बैठक में काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिक्षक छाजूराम गुर्जर का किया नागरिक अभिनंदन



**मैड।** विराटनगर के पणदो निवासी डॉ. छाजूराम गुर्जर पिछले सप्ताह कोटा में संस्कृत दिवस पर राज्य स्तर पर संस्कृत विद्धत सम्मान से सम्मानित हुए थे। इसको लेकर कस्बे की विभिन्न राजकीय और निजी विद्यालयों में डॉ. छाजूराम गुर्जर का नागरिक अभिनंदन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुर्जर का राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खेड़ा (नवरंगपुरा) विराटनगर और बाबा भगवानदास सीनियर सेकंडरी विद्यालय तेवडी (विराटनगर) सहित कई निजी विद्यालयों में भी सम्मान किया गया।

### पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मिले डिप्टी सीएम बैरवा से



**नीमकाथाना।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा से एसएनकेपी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विनोद भूदोली ने मुलाकात कर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में वुशु खेल के प्रति खिलाड़ियों में बढ़ती रूचि को ध्यान में रखते हुए शेखावाटी विश्वविद्यालय कि खेल सूची में शामिल करने की मांग की। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विनोद भूदोली ने बताया कि नीमकाथाना, खेतड़ी, उदयपुरवाटी, श्रीमाधोपुर और सीकर में वुशु खेल के प्रति स्टूडेंट्स में रुचि बढ़ी है। इसलिए होनहार खिलाड़ियों को कॉलेज, यूनिवर्सिटी में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलना चाहिए। छात्र नेता और वुशु खिलाड़ी नवीन जिलोवा ने बैरवा के सामने बात रखी।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ सेक्टर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद रामकिशोर की अंत्येष्टि

# नम आंखों से दी लाड़ले को अंतिम विदाई, लगे गगनभेदी नारे

**बेधड़क** | धौलपुर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ सेक्टर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए जिले के राजाखेड़ा उपखंड क्षेत्र के गांव दूल्हे राय का घेर निवासी बीएसएफ का जवान रामकिशोर पार्थिव शरीर शनिवार को गांव पहुंचा।

पार्थिव शरीर देखते ही गांव में शोक की लहर छा गई। शहीद की पत्नी पार्थिव शरीर से लिपटकर रोने लगी। इस दौरान ग्रामीणों ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा, रामकिशोर तेरा नाम रहेगा' के नारे लगाए। शहीद की अंतिम यात्रा में हजारों की तादाद में लोग उमड़े। जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम और जिला कलेक्टर समेत



तमाम अधिकारी और नेताओं ने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित किए। शहीद राम किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई।



सेना के जवानों द्वारा शहीद के सम्मान में पांच राउंड फायरिंग की गई।

### 2019 में भर्ती हुए थे रामकिशोर

शहीद राम किशोर की चाची भूरी देवी ने बताया कि रामकिशोर का सपना शुरू से ही सेना में जाने का था। वर्ष 2019 में रामकिशोर बीएसएफ में भर्ती हुआ था। इसके बाद रामकिशोर के व्यवहार में बड़ी तब्दीली आई थी। जब भी छुट्टी लेकर घर आता था तो सभी से मिलजुल कर जाता था। चाची भूरी देवी ने बताया रामकिशोर 20 दिन की छुट्टी लेकर हाल ही में घर आया था। 11 सितंबर को छुट्टी की अवधि पूरी होने पर परिवार के सभी सदस्यों से मिलजुल कर वापस ड्यूटी पर गया था, लेकिन कश्मीर में हुए हादसे में रामकिशोर शहीद हो गया।

### 8 महीने पहले हुई शादी

शहीद रामकिशोर की पत्नी पूजा का रो रो कर बुरा हाल था। गत वर्ष 7 दिसंबर को रामकिशोर की शादी पूजा के साथ संपन्न हुई थी। महज 8 महीने के अंतराल में पूजा का सुहाग उजड़ गया। पत्नी पूजा के हाथों की मेहंदी भी अभी तक नहीं छूट पाई है। इस घटना से शहीद की पत्नी, मां, पिता और भाइयों को भारी सदमा लगा है।

### सबसे छोटा था रामकिशोर

पिता महावीर सिंह के चार पुत्र और दो पुत्री हैं। इनमें मलखान, बंटू और विकेश उससे बड़े हैं। रामकिशोर सबसे छोटा था। रामकिशोर से छोटी बहन लक्ष्मी है, जिसकी शादी नहीं हुई है। बड़ी बहन ममता की शादी हो चुकी है। शहीद रामकिशोर के पिता एवं भाई खेती किसानी का काम करते हैं।

## युद्धाभ्यास में भारत-अमेरिकी सेनाओं ने दिखाया युद्ध कौशल

# लाइव फायरिंग कर दुश्मन के ठिकानों को जवानों ने किया तबाह

**बेधड़क** | बीकानेर

भारत-अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास के शनिवार को अंतिम दिन दोनों सेनाओं के जवानों ने दुश्मन के ठिकानों पर लाइव फायरिंग की और आतंकी ठिकानों को तबाह किया। दोनों देशों की सेना के जवानों ने पसीना बहाते हुए युद्धकौशल का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं आसमान से अमेरिकी और भारतीय वायुसेनाओं के एयरक्राफ्ट ने उन्हें सटीक जगह पहुंचाया।

भारत-अमेरिकी सेना के जवानों ने आपसी तालमेल बैठाते हुए काल्पनिक युद्ध के अंतिम घंटों में अभ्यास को पूरा किया। इसमें काल्पनिक युद्ध में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैनिकों का सम्मान हुआ, वहीं हथियार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अब 2026 में इसका अगला चरण अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। फायरिंग समापन के दौरान वेलिडेशन एक्सरसाइज आयोजित की गई। यह 72 घंटों से चल रहे काल्पनिक युद्ध का हिस्सा रही। इसमें इन्वेस्टिगेशन चौकी स्थापित करना, रोड ओपनिंग ड्रिल, घेराबंदी-तलाशी अभियान समेत अन्य सैन्य गतिविधियां आयोजित की गई। इस एक्सरसाइज में हेलिकॉप्टर से जल्द से जल्द पहुंचकर टारगेट एरिया में घायल हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।





### जमीन और हवा से दुश्मन को चौंकाया

इस दौरान एयर एक्टिविटीज भी की गई। जमीन से मारक क्षमता बढ़ाने के साथ एयरफोर्स की भी सहायता ली गई। इसके लिए अमरीकी एयरक्राफ्ट C-130 हरक्यूलिस, एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (ALH) और भारतीय सेना के Mi-17 के जरिए हवाई प्रैक्टिस भी की गई। साथ ही इन एयरक्राफ्ट के जरिए एयरबोर्न और हेलिबोर्न ऑपरेशन भी किए गए। जमीनी सेना को मजबूत करने के लिए लाइव फायरिंग भी की गई। जिसमें PINAKA, HIMARS और M-777 तोपों जैसी लंबी दूरी की मारक क्षमता का उपयोग कर टारगेट ब्लास्ट किए गए। वेलिडेशन के आखिर में दुश्मन के ठिकानों की घेराबंदी की और तलाशी ली गई।

### 1200 से अधिक ने सैनिकों ने लिया भाग

दो चरणों में हुआ युद्धभ्यास युद्धभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व अमोघ डिवीजन की 9वीं राजपूत रेजिमेंट बटालियन और इन्फेंट्री ब्रिगेड ने किया। जबकि अमेरिकी दल में अलास्का स्थित 1-24 इन्फेंट्री बटालियन और 11वीं एयरबोर्न डिवीजन के जवान शामिल रहे। थार रेगिस्तान के महाजन महाजन रेंज में 1,200 से अधिक जवानों ने हिस्सा लिया। यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया था। पहले चरण में, दोनों दलों ने युद्ध अभ्यास और सामरिक प्रशिक्षण पूरा किया। इसमें दोनों देशों की सेनाओं के बीच युद्ध के समय तालमेल को परखा गया। दूसरे चरण में वेलिडेशन का आयोजन हुआ। इसमें जॉइंट ऑपरेशन की अंतिम कड़ी के रूप में पेश किया गया। समापन समारोह में आर्मी के जीओसी 16 रैपिड मेजर जनरल एनएस जाखड़ और अमेरिकी सेना के कमांडिंग जनरल 11 एयरबोर्न डिवीजन मेजर जनरल जो हिल्बर्ट ने दोनों देशों के भाग लेने वाले सैनिकों को संबोधित किया।

### स्वदेश निर्मित हथियार प्रणालियों का किया प्रदर्शन

युद्धाभ्यास में दोनों देशों की सेनाओं के जवान दुश्मन के ठिकानों पर उतरे। पीछे से इन्फ्रेंट्री (पैदल सेना) लगातार लाइव फायर कर उन्हें बैकअप देती रही। हथियार प्रदर्शनी भी हुई। इस कार्यक्रम का समापन एक हथियार और उपकरण प्रदर्शनी के साथ हुआ, जिसमें केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत स्वदेशी रूप से निर्मित हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया गया। युद्ध अभ्यास-24 भारत और अमेरिका के रक्षा साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया और वैश्विक आतंकवाद विरोधी अभियान में योगदान दिया।

## झुंझुनूं में डबल मर्डर का खुलासा परिचित ही निकला हत्यारा

# चोरी के मामले में पुलिस को नाम बताने पर की थी मां-बेटे की हत्या



**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले में हमीरी कलां गांव में मां-बेटे के ब्लाइंड डबल मर्डर के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। हत्याकांड का मास्टरमाइंड मृतक मां-बेटे का ही परिचित आरोपी पवन झाझड़िया निकला। पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने ब्लाइंड मर्डर को लेकर मीडिया के सामने के जानकारी साझा की है।

एसपी शरद चौधरी ने बताया कि आरोपी को शक था कि उनके गांव में ई-मित्र की दुकान में हुई चोरी मामले में उसका नाम पुलिस को मृतका माया देवी और उसके बेटे अजय ने दिया था। इसी के चलते आरोपी ने 12 और 13 अगस्त की मध्य रात्रि को घर में सो रहे मां और बेटे पर धारदार हथियारों से हमला किया था। मौके पर बेटे की मौत हो गई थी और मां की जयपुर अस्पताल में मौत हो गई।

पुलिस टीम लगातार गुत्थी को सुलझाने में लगी हुई थी। लेकिन आरोपी तक पुलिस टीम नहीं पहुंच पा रही थी। इसी बीच आरोपी मृतक मां-बेटे के मोबाइल एक दुकान पर ठीक करवाने के लिए गया था। जिसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला और इस आधार पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर से दस्तयाब किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल लिया।

फिलहाल हत्याकांड में हथियार का पता लगाया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने हत्या का खुलासा करने वाली टीम की हौंसला अफजाई के लिए टीम को 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

## शिव विधायक पहुंचे धरने पर, अस्पताल कर्मी को नोटिस

# महिला की मौत पर अस्पताल में धरना

**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर के सरकारी हॉस्पिटल में शनिवार को हॉस्पिटल में भर्ती एक महिला की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। महिला के परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हॉस्पिटल के बाहर धरने पर बैठ गए। यहां पिता-पुत्र गले मिलकर फूट-फूटकर रोये। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी धरने पर पहुंचे। शाम 6 बजे सहमति बनी और लापरवाही बरतने वाले नर्सिंग कर्मियों को 17 सीसी का नोटिस जारी करने का आश्वासन दिया गया। पीएमओ डॉ. बी।एल. मंसूरिया ने बताया कि शुक्रवार को मोलर प्रेग्नेंसी से पीड़ित महिला दरिया कंवर (50) को भर्ती किया गया था। रात में परिजन घर चले गए थे। शनिवार सुबह 9 बजे वापस आए। सफाई करने (डीएनसी) की कंसल्ट ली गई। सफाई करने की तैयारी कर रहे थे कि मरीज की तबीयत बिगड़ गई। नॉर्मल एंटीबायोटिक बच्चेदानी का मुंह खोलने के लिए लगाते है। दूसरा कोई इंजेक्शन भी नहीं लगाया। परिजनों से कंस्लेट लेकर डीएनसी कर रहे थे। बेसिकली जो प्रॉब्लम थी मोलर प्रेग्नेंसी थी, जिसमें कभी कभार इस तरह होने की संभावना रहती है। डॉक्टर वार्ड में राउंड पर थे। महिला को बचाने की कोशिश की। फिर ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कर इंट्रोगेट किया, लेकिन रिवाइज्ड नहीं होने से पेशेंट की मौत हो गई। इसके बाद परिजन ने हंगामा कर दिया।सभी आरोप निराधार हैं।

## चुनाव में संतान संबंधी सूचना छिपाने पर डीएलबी ने लिया एक्शन

# अकलेरा नगरपालिका अध्यक्ष को किया बर्खास्त

**बेधड़क** | झालावाड़

स्वास्थ्य शासन विभाग ने जिले की अकलेरा नगर पालिका की अध्यक्ष व सदस्य विजय लक्ष्मी यादव को पालिका चुनाव के दौरान संतान से संबंधित गलत जानकारी देने के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है।

इसकी शिकायत स्वायत शासन विभाग को की गई थी। जिसके बाद डीएलबी डायरेक्टर कुमार पाल यादव के द्वारा एक आदेश जारी कर पालिका अध्यक्ष को बर्खास्त कर दिया गया। डीएलबी




डायरेक्टर कुमार पाल गौतम ने बताया कि अकलेरा पालिका अध्यक्ष विजयलक्ष्मी के खिलाफ नामांकन के दौरान संतान संबंधित गलत तथ्य पेश करने की शिकायत मिली थी।

डायरेक्टर ने बताया कि क्षेत्रीय उपनिदेशक कोटा के द्वारा पालिका अध्यक्ष विजयलक्ष्मी को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए शिकायत के स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया। उन्होंने बताया कि पालिका अध्यक्ष के द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण में चुनाव के दौरान संतान संबंधित तथ्यों कि गलत जानकारी देना पाया गया।

बता दें कि पालिका अध्यक्ष विजयलक्ष्मी के खिलाफ शिकायत थी कि उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में प्रतिद्वंदी के रूप में नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान उन्होंने अपने तीसरे बच्चे की जानकारी छिपाकर चुनाव लड़ा था।

आवेदन में केवल दो बच्चों का उल्लेख किया था। इसके बाद झूठे तथ्य पेश करने को लेकर प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी कैलाश बाई ने जिला न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस दौरान न्यायालय ने अपना निर्णय देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजयलक्ष्मी का निर्वाचन निरस्त कर कैलाशी बाई को निर्वाचित घोषित कर दिया था।

## एसएफसी की बैठक में भी लिया हिस्सा

# केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने किया एम्स का दौरा, देखीं अस्पताल की व्यवस्थाएं

**बेधड़क** | जोधपुर

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव आईएएस अपूर्व चंद्रा ने अस्पताल की सुविधाओं के व्यापक दौरे और एक महत्वपूर्ण स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) बैठक की अध्यक्षता करने के लिए को एम्स जोधपुर का दौरा किया। उनके साथ अंकिता मिश्रा बुंदेला, संयुक्त सचिव और विजय कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव भी साथ रहे।

इस दौरान एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक प्रो. गोवर्धन दत्त पुरी, उप निदेशक (प्रशासन) मनुमनीष गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार झा, वित्तीय सलाहकार कर्नल सुरेंद्र कुमार और डीन अकादमिक डॉ. शिल्पी गुप्ता



दीक्षित ने उनका स्वागत किया। अस्पताल के दौरे के दौरान, चंद्रा ने ओपीडी फ़ोयर और पंजीकरण डेस्क से शुरू करते हुए विभिन्न प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने रोगी पंजीकरण प्रक्रियाओं और फलेबोटोमी और रेडियोलॉजी विभागों में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया, जो रोगियों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है। इसके बाद चंद्रा रेडियोलॉजी और आपातकालीन विभागों में गए, जहां उन्हें आईसीयू और आपातकालीन एचडीयू सहित उन्नत नैदानिक उपकरणों और महत्वपूर्ण देखभाल इकाइयों के बारे में जानकारी दी गई। बाद में उन्होंने एम्स जोधपुर द्वारा दी जाने वाली विशेष हृदय देखभाल की समीक्षा के लिए कार्डियोथोरेसिक सर्जरी और कार्डियोलॉजी विभागों का दौरा किया।

### एआरटी सेंटर का किया उद्घाटन

स्वास्थ्य सचिव ने नव स्थापित एआरटी सेंटर का भी उद्घाटन किया और फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) और ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का दौरा किया। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रोगी देखभाल सेवाओं का विस्तार करने के लिए संस्थान के प्रयासों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नई स्किल लैब का उद्घाटन किया, जो स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई एक आधुनिक सुविधा है, जो चिकित्सा शिक्षा और नवाचार के लिए एम्स जोधपुर की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### नशा मुक्ति केंद्र और सीसीटीवी कैमरे लगाने के आए प्रस्ताव

अस्पताल के दौरे के बाद अपूर्व चंद्रा ने स्थायी वित्त समिति



(एसएफसी) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना, संस्थान परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए परिसर की चारदीवारी को ऊंचा करने के प्रस्ताव रखे गए। इसके अतिरिक्त, एम्स जोधपुर के नेतडा में ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र के लिए चारदीवारी के निर्माण की योजना पर चर्चा की गई, जिससे संस्थान के बुनियादी ढांचे और आउटरीच का और विस्तार हो सके।

### समग्र पोषण पर जागरूकता प्रदर्शनी लगी

एम्स का आहार विज्ञान विभाग 1 से 30 सितंबर 2024 तक राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। जिसका विषय है "पोषण से जुड़े सभी आवश्यक तत्वों को शामिल करते हुए समग्र पोषण।" स्वास्थ्य और रोग प्रबंधन में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईपीडी बी ब्लॉक, चौथी मंजिल पर आयोजित किया गया। जिसमें गर्भाधान से लेकर वृद्धावस्था तक सभी आयु समूहों के लिए स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने वाले कई सूचनात्मक प्रदर्शनों और लाइव डेमोंस्ट्रेशन शामिल थे। प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी ने किया, जिन्होंने संतुलित पोषण को बढ़ावा देने में जन जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षणों में गैर-संचारी रोग (एनसीडी), स्तनपान, गुर्दे का पोषण, और सीलिएक रोग जैसी विशेष आहार आवश्यकताओं पर अनुभाग शामिल थे। इसके अलावा, कुपोषण की जांच करने वाले उपकरण, दैनिक आहार में माइक्रोग्रीन्स और सुपरफूड्स को शामिल करने के लाभ, और बाजरा के पोषण संबंधी महत्व जैसे व्यावहारिक विषयों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इंटरैक्टिव सत्र जैसे स्वस्थ नाश्ते की तैयारी और घर पर माइक्रोग्रीन्स उगाने पर लाइव प्रदर्शन, आगंतुकों को व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान किया। रेसिपी-शेयरिंग सत्रों ने प्रतिभागियों को स्वस्थ खाने की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया।

आईआईएस विश्वविद्यालय में आभार-2024 समारोह, छात्र परिषद ने की शपथ ग्रहण

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल, नई छात्राओं का स्वागत

■ दीपाली और समृद्धि को चुना हेड गर्ल्स

बेधड़क | जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के परिसर में शनिवारको "आभार" धन्यवाद मिलन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक गणेश वंदना से हुई। इस अवसर पर कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता, कुलाधिपति प्रो. टी.एन. माथुर और शिक्षकगण उपस्थित थे।



हाल ही में चुनी गई मिस फ्रेशर (यूजी), संयोगिता शेखावत ने सभी का स्वागत किया। प्रतिभाशाली छात्राओं ने समूह गीत और लोक, फ्यूजन, रेट्रो, बॉलीवुड, कथक और वेस्टर्न शैलियों की नृत्य प्रस्तुतियों के साथ सभी का दिल जीत लिया। डॉ. अशोक गुप्ता ने 2024-25 के लिए चुने गए नए छात्र परिषद के सदस्यों की घोषणा की और शपथ ग्रहण समारोह का नेतृत्व किया। इसमें छात्राओं ने कर्मठता और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली।

दीपाली बारहठ को हेड गर्ल (यूजी) और समृद्धि पांडे को हेड गर्ल (पीजी) चुना गया। इस शानदार कार्यक्रम का समापन एक जोशीली डांस पार्टी के साथ हुआ। मिस फ्रेशर (पीजी), निहारिका माथुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



## Yuva स्टोरीज

### विद्यार्थी जीवन के साथ अपनाएं कौशल विकास



बेधड़क | जयपुर

रामबाग स्थित सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम "उत्थान" का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि नवीन जैन, वित्त सचिव, विशिष्ट अतिथि अल्का गौड़, अध्यक्ष व्यापार और उद्योग महासंघ तथा बिंदु चौधरी, ब्रांड एम्बेसेडर साइबर पीस कोर रहे । प्राचार्या डॉ रेनू जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा अपने उदबोधन में छात्राओं को बताया कि आगामी तीन वर्ष उनके लिए अत्यंत मूल्यवान है तथा अथक परिश्रम के साथ लक्ष्य सिद्धि तक प्रयासरत रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के संयोजक वी सी डागा ने नवागन्तुक छात्राओं को दीक्षारम्भ पर बधाई दी तथा कुछ कर गुजरने के जूनून को पैदा करने पर बल दिया। नवीन जैन ने छात्राओं को कॉलेज जीवन के आगामी तीन वर्ष एक लक्ष्य साधक के तौर व्यतीत करने की बात दोहराई। विशिष्ट अतिथि डॉ. अल्का गोड ने छात्राओं को विद्यार्थी जीवन में अध्ययन के साथ-साथ कौशल विकास के लिए प्रेरित किया ताकि उद्धमिता विकास में भी योगदान दे सके। अंत में उप प्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्राओं को आश्वस्त किया कि महाविद्यालय का सुरक्षित एवं प्रेरणादायक वातावरण निश्चित ही आपको जिम्मेद्दार नागरिक बनने में सहायता देगा। सृष्टि शर्मा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया

### दोतोलिया सहित चार को वैदिक गौरव रत्न से नवाजा

**जयपुर**। राजधानी में आयोजित कृष्णा चेरिटैबल फाउंडेशन की और से आयोजित समारोह में बिलोंची निवासी प्रधानाचार्य डॉ. महेश दोतोलिया, मानपुरा माचेडी निवासी प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, डॉ प्रभावती पारीक, वरिष्ठ सहायक हंसराज दोतोलिया क्रो वैदिक गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इन्हें शाल



श्रीफल प्रशस्ती पत्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सोनी राजेश वशिष्ठ, डॉ अरुण बंशल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### रावत कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन



बेधड़क | जयपुर

रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज के करणी विहार स्थित कॉलेज में "संस्कृति-2024" में फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप के चेयरमेन बी.एस. निर्मला रावत तथा एसीबी डीजी रवि प्रकाश महेरडा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबी डीजी रवि प्रकाश महेरडा के साथ मोहन सामरिया (युवा नेता बीजेपी), पवन शर्मा, डॉ. टी. सी. पाठक, राजू जिजवाड, मधुसुदन दाधिच एवं सी.एल. वर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्कृतियों पर नृत्य करते हुए अखण्ड भारत की प्रस्तुति दी। जिसमें भांगडा, राजस्थानी नृत्य, गढवाली नृत्य, बॉलीवुड थीम आदि पर शानदार नृत्य प्रस्तृत किए। साथ ही कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रैम्प वॉक भी किया गया। इसमें से मिस्टर फ्रेशर प्रशांत बड़ोतिया एवं मिस फ्रेशर प्राची शर्मा एवं विपांशी शर्मा को चुना गया। कार्यक्रम में ग्रुप के डायरेक्टर हेमेन्द्र सिंह रावत, नरेन्द्र सिंह रावत एवं डॉ. कल्पना रावत ने छात्रों को के उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच संचालन प्रीति सक्सेना एवं सुचित्रा राठौड द्वारा किया गया।

JECRC में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-24 का उद्घाटन

# खुद में वह बदलाव लाएं, जो दुनिया में देखते हैं




बेधड़क | जयपुर

जेईसीआरसी में दो दिवसीय हैकाथॉन एसआईएच - 24 का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने विचार रखें। 36 घंटों तक चलने वाले स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के प्रीलिम्स राउंड में 2 हजार से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया और सरकार द्वारा दिए गए प्रोब्लम स्टेटमेंट्स पर अपनी कोडिंग क्षमता का इस्तेमाल कर इनके सॉल्यूशंस डिजाइन किए।

टॉप तीन टीमों को 21000, 11000, 5100 एवं उनके अलावा 10 सांत्वना राशि पुरस्कृत की जाएगी। हैकाथॉन का शुभारंभ असिस्टेंट इनोवेशन डायरेक्टर, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इनोवेशन सेल एंड एआईसीटीई, सेंटर इंचार्ज ऑफ जयपुर इनोवेशन अटल अकादमी दीपन साहू द्वारा किया गया। उन्होंने स्टूडेंट्स को सफलता के चार मंत्र दिए: खुद में वह बदलाव लाएं, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।

देश ने आपको क्या दिया है, यह पूछने के बजाय खुद से पूछें कि आपने देश को क्या दिया है। अगर आपने जीवन में असफलता का सामना नहीं किया, तो आपने कुछ नया करने का प्रयास नहीं किया। असफलताओं को स्वीकारें, चुनौतियों को अपनाएं और असफलता का जश्न मनाएं। "सफलता और असफलता का जश्न मनाएं। जब आप असफल होते हैं तो असफल में आपने कुछ नया करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले 7 संस्करणों में, हमने दुनिया का सबसे बड़ा नवाचार मॉडल स्थापित किया है, जिसमें छात्रों ने 18 से अधिक क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान ढूंढना है। यह मॉडल छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मौका देता है।

इनोवेशन के इस सफर में हम छात्रों को प्रेरित करते हैं कि वे अपने विचारों को साकार करें और इनोवेशन के माध्यम से समाज को नई दिशा दें।

#### पीएम मोदी कर चुके हैं लाइव इंटरेक्शन

जेईसीआरसी इससे पहले भी नोडल सेंटर के रूप में एसआईएच का सफलतापूर्वक आयोजन करा चुका हैं। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से स्टूडेंट्स के साथ लाइव इंटरेक्शन भी किया गया था। साथ ही पूर्व एसआईएच आयोजन में लोकसभा सदस्य राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं राज्य सभा सदस्य प्रकाश जावड़ेकर भी शामिल हो चुके हैं। एसआईएच में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दो प्रकार की समस्याओं पर काम किया जाता हैं। 6 सदस्यों से मिलकर एक टीम का गठन होता है।

#### 50 टीमों ने लिया भाग

तीन चरणों में होने वाले इस इवेंट के पहले चरण में 60 पैनलिस्ट्स द्वारा सलेक्टेड प्रॉब्लम्स स्टेटमेंट्स पर स्टूडेंट्स के सॉल्यूशंस को परखा एवं समझा गया, जिसके आधार पर द्वितीय चरण के लिए 50 टीम का चयन किया गया। द्वितीय चरण कोडिंग राउंड रहा, जिसमें 16 जजेस की मौजूदगी में चयनित टीमों ने अपने आइडिया को प्रोटोटाइप का रूप दिया, हैकाथॉन में बतौर पैनलिस्ट सोनी, मोर्गन स्टेनले, जियो, स्विगी, डेमको, एमडॉक्स, सेवन एक्स, आईटीसी इन्फोटेक, सैमसंग जैसी कंपनी के सीनियर एक्सपर्ट्स शामिल रहें। वाइस चेयरपर्सन,अर्पित अग्रवाल, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने बताया की कहा की जेईसीआरसी के विद्यार्थियों का हमेशा से कोडिंग में इंटरेस्ट रहा हैं, जिसका प्रभाव कॉलेज के प्लेसमेंट में दिखता हैं।

#### ऐसे इनोवेशन आए सामने

सम्यक जैन, हर्षित भटनागर, श्रुति जैस्वाल, हर्षिता, शानू गर्ग, शिवम् स्वामी की टीम मनुस्मृति ने वीमेन सेफ्टी एनालिटिक्स - प्रोटेक्टिंग वीमेन फ्रॉम सेफ्टी थ्रेट्स पर काम किया जहां स्टूडेंट्स ने ऐसी एप्प डिजाईन की। जिससे महिलाओं को अलग अलग तरीकों से बचाया जा सकता हैं। जैसे की एक बटन दबाते ही आपकी लाइव लोकेशन आपके घरवालों और आस पास के पुलिस स्टेशन तक पहुंच जाएगी और 15-20 मिनट में उस महिला को रेस्क्यू कर लिया जाएगा।

## प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति को सहेजने की आवश्यकता



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान अनुसंधान केन्द्र में एक परिचर्चा "लोक एवं लोक संस्कृति' विषय पर आयोजित की गई। समाज विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के निदेशक डॉ. अनिल अनिकेत ने प्रोफेसर सम्बुल हलीम खान का परिचय देते हुए बताया कि यह परिचर्चा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सेन्टर फॉर एडवान्स स्टडीज की प्रोफेसर सम्बुल हलीम खान के साथ की गई। डॉ. अनिल अनिकेत ने बताया कि व्याख्यान के जरिए राजस्थान के लोक और लोक संस्कृति पर महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

प्रोफेसर सम्बुल हलीम खान ने लोक एवं लोक संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए इसके विभिन्न आयामों की जानकारी प्रदान की। प्रोफेसर खान ने ख्याल और रागमाला चित्र परम्परा के बारे में विशेष जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। राजस्थान विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस.एल. शर्मा ने समाजशास्त्रीय दृष्टि से बताया कि सभ्य मानव समाज में सभ्य लोक और लोक संस्कृतिक विकसित होती है। इस परिचर्चा में शिक्षकों, शोधार्थियों द्वारा अनेक जिज्ञासाएं व्यक्त की गई। जिनका समाधान प्रोफेसर सम्बुल हलीम खान ने अपने डिजिटल प्रस्तुतिकरण के माध्यम से किया। इस परिचर्चा में प्रोफेसर फहीम हलीम खान, डॉ. कुलवन्त सिंह शेखावत, डॉ. मनीष यादव, डॉ. गौरव गोठवाल, डॉ. राहिल अहमद, डॉ. ममता यादव, डॉ. रामानुज पंचोली, डॉ. कीर्ति, डॉ. रणजीत सिंह पंवार सहित कुल 50 प्रतिभागी उपस्थित रहे। डॉ. अनिल अनिकेत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्वस्थ भारत के लिए स्वच्छता महत्वपूर्ण : बराला

**जयपुर**। राजस्थान यूनिवर्सिटी के महारानी कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से इंडियन डायटेटिक एसोसिएशन और नेटप्रोफैन राजस्थान चैप्टर के सहयोग से शुद्ध आहार मिलावट पर वार विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पोषण माह एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित किया गया था। सेमिनार की मुख्य अतिथि विधायक डॉ. शिखा मील बराला रहीं। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो.निमाली सिंह ने मुख्य अतिथि डॉ. शिखा मील बराला का स्वागत किया। प्रो निमाली ने कहा कि स्वस्थ एवं स्वच्छ भोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम है। डॉ. शिखा मील बराला ने छात्राओं को संबोधित किया कि कैसे स्वस्थ और बढ़ते भारत के लिए स्वच्छता और स्वस्थ आदतें बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता और संतुलित आहार के बारे में भी बात की। छात्राओं ने डॉ. मील से कई सवाल पूछे । उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि छात्र अपनी आवाज उठाएं और एनएसएस उन्हें यह मंच देता है।

सेमिनार | पैथोलॉजी विभाग में "फ्रंटियर्स इन पैथोलॉजी" विषय पर सेमिनार का आयोजन

# शैक्षिक और अनुसंधान बढ़ाने के लिए JNU प्रतिबद्ध

बेधड़क | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर जेएनयू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग ने यूनिवर्सिटी कैंपस में "फ्रंटियर्स इन पैथोलॉजी" शीर्षक से एक सेमिनार का आयोजन किया। इसमें देश के प्रतिष्ठित पैथोलोजिस्ट्स् ने पैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर विचार साझा किए।



कार्यक्रम में उत्तरी भारत के दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई के प्रोफेसर डॉ. सुमीत गुजराल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "हमारे चिकित्सा समुदाय के लिए वैज्ञानिक नवाचार में सबसे आगे रहना महत्वपूर्ण है।

पैथोलॉजी निदान की आधारशिला है, और आज की चर्चा नए दृष्टिकोण और पद्धतियों को प्रेरित करेगी। जो रोगियों और समग्र रूप से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को लाभान्वित करेगी।" जेएनयू के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में शैक्षिक और अनुसंधान के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए जेएनयू सदैव प्रतिबद्ध है और सीखने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के शैक्षणक कार्यक्रमों से अपने मेडिकल छात्र-छात्राओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करता रहेगा। जेएनयू मेडिकल प्रो चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे और उन्होने अपने उद्बोधन में सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से चिकित्सा पेशेवरों और छात्रों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। यह सभी उपस्थित लोगों के लिए एक समृद्ध अनुभव होगा, जो पैथोलॉजी के क्षेत्र की शैक्षणिक और नैदानिक उत्कृष्टता में योगदान करेगा

#### इन चिकित्सकों ने की शिरकत

सेमिनार में चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए, जिनमें जेएनयू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. नरेश एन. राय, एम्स, जोधपुर के हेमेटोपैथोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. अभिषेक पुरोहित, ठाकुरपुर कैंसर सेंटर और एसवीएस नरवारी हॉस्पिटल, कोलकाता के कंसल्टेंट साइटोपैथोलॉजिस्ट, ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट डॉ. असितव मौडल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर की प्रोफेसर- हेड डॉ. अर्पिता जिंदल, एनआईआईएमएस, जयपुर के पैथोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. प्रणब डे, एसएमएस, जयपुर की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. रंजना सोलंकी और एसएनएमएस, जोधपुर के प्रोफेसर डॉ. किशोर खत्री शामिल थे।

#### डायग्नोस्टिक के रुझानों की जानकारी दी

डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी में विकसित हो रहे रुझानों के बारे में जानकारी साझा की। साथ ही हेमेटोपैथोलॉजी के जटिल मामलों और उसके प्रभावों चर्चा की। डॉ. अस्तित्व मंडल ने कहा, "जेएनयू कैंसर अस्पताल में नई पैथोलॉजी लैब में पैथोलॉजी के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रगति शामिल की जा रही है, जो राजस्थान में कैंसर रोगियों के लिए वरदान साबित होगी।"




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी



शाश्वत सनातन

*हनुमान जी को कलयुग में सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, हनुमानजी को कलयुग का देवता कहा जाता है, और ऐसी मान्यता है कि वे आज भी धरती पर सशरीर विचरण करते हैं। हनुमान जी के देशभर में तो मंदिर हैं ही, पाकिस्तान में भी है। वह भी पंचमुखी हनुमान मंदिर। कराची के सोल्जर बाजार स्थित यह मंदिर लगभग 1500 साल पुराना है।*

### करांची स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर की 11 परिक्रमा करने से मिट जाते हैं दुख दर्द

# पाकिस्तान में यहां जमीन फाड़कर प्रकटे बालाजी, पंचमुखी रूप में होते हैं दर्शन







### 11 मुट्ठी मिट्टी हटाने पर प्रकट हुई थी मूर्ति

इस मंदिर में स्थित पंचमुखी हनुमान की मूर्ति सामान्य मूर्ति नहीं है। इसमें हनुमान जी के पांच रूपों का दर्शन होता है। इनमें नरसिम्हा, आदिवाराह, हयग्रीव, हनुमान और गरुड़ अवतार नजर आते हैं। यह मूर्ति किसी मानव द्वारा बनाई गई नहीं मानी जाती, बल्कि इसे प्राकृतिक रूप से उभरी हुई मूर्ति के रूप में देखा जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर की 11 परिक्रमा करने से सभी दुख-दर्द समाप्त हो जाते हैं। कहा जाता है कि यह मूर्ति मिट्टी की 11 मुट्ठियां हटाने पर प्रकट हुई थी।

### मंदिर का प्राचीन इतिहास

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। हालांकि, वर्तमान में जो मंदिर स्थित है, उसे 18वीं शताब्दी में पुनर्निर्माण किया गया था। समय-समय पर इस मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया जाता है ताकि इसे संरक्षित किया जा सके। यह मंदिर पाकिस्तान के कुछ सुरक्षित बचे हुए हिन्दू मंदिरों में से एक है।

### मंदिर और 11 का विशेष संबंध

इस मंदिर का और अंक 11 का गहरा संबंध है। इस मंदिर में 11 परिक्रमा करने से भक्तों की सभी परेशानियां समाप्त हो जाती हैं और उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं। मान्यता है कि जहां मंदिर स्थित है, वहां से 11 मुट्ठी मिट्टी हटाने पर पंचमुखी हनुमान की यह अद्भुत मूर्ति प्रकट हुई थी।

### विभिन्न समुदायों के भक्तों का है केंद्र

यहां मराठी, सिंधी और बलूच समुदाय के लोग भगवान हनुमान के दर्शन करने आते हैं। भगवान हनुमान की इस मूर्ति का इतिहास लगभग 17-18 लाख साल पुराना बताया जाता है। कुछ मान्यताओं के अनुसार, भगवान राम भी एक बार इस स्थान पर आए थे।

### 1882 में कराया पुनर्निर्माण

हालांकि, यह मंदिर लाखों साल पुराना माना जाता है, लेकिन आज जो संरचना है उसका पुनर्निर्माण वर्ष 1882 में किया गया था।

कॅरिअर परामर्श

# किताबों को बनाइए अपना सबसे अच्छा मित्र




अर्चना त्यागी


आज के तकनीकी दौर में किताबें पढ़ने की सलाह देना बेमानी सा महसूस होता है। सब कुछ मोबाइल पर एक टच से हमारे सामने होता है। किसी भी विषय की जानकारी चाहिए तो तुरंत मिल जाती है। फिर किताबों में दिमाग खपाने की क्या जरूरत है। समय किसके पास है इतना आज़ की भागदौड़ भरी ज़िन्दगी में। सबको सब कुछ बस सैकंड में चाहिए होता है। फिर मोबाइल पर कहीं भी बैठकर कोई भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। किताबें पढ़ने के लिए एकांत चाहिए। पैसा भी चाहिए खरीदने के लिए। जगह भी चाहिए बैठकर पढ़ने के लिए।

सारी बातें सही हैं। परंतु, एक सच से पर्दा उठाना चाहती हूं। मोबाइल फोन पर उपलब्ध इंटरनेट अपने नाम के अनुरूप ही एक जाल है जो हमारे मस्तिष्क को अपनी गिरफ्त मे लेता जा रहा है। आसानी से ज्ञान की उपलब्धता ने हमारे मस्तिष्क की विचार शक्ति को खतम कर दिया है। किसी भी विषय पर अब विचार विमर्श की आवश्यकता नहीं रह गई है। गलत सही की संभावना भी खत्म सी हो गई है। जो उत्तर मिल जाता है हम उसे ही सही मान लेते हैं। यदि किताबों में ढूंढना पड़े तो एक विषय नहीं, कई दूसरे विषय पर भी हम जानकारी ले पाते हैं।



किसी एक किताब में कुछ लिखा है, दूसरी में कुछ और, तीसरी में कुछ और। जितनी किताबें पढ़ी जाती हैं, विषय की उतनी ही विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो जाती है। यह जानकारी इंटरनेट पर एक साथ उपलब्ध नहीं हो सकती है। जिस वेबसाइट पर हमने देखा उसके लेखक ने जिस किताब से वह जानकारी ली है, बस उतनी ही हमें मिल पाती है। यानी अधूरा ज्ञान।

अच्छी किताबों को सबसे अच्छा दोस्त माना गया है। जीवन की हर समस्या से जूझकर विजय प्राप्त करने का रास्ता बताती हैं। सभी विषयों की जानकारी का अपार भंडार किताबों में छुपा हुआ है। इंटरनेट पर भी जो दिख रहा है वह भी किताबों से ही लिया हुआ है परंतु संपूर्ण सामग्री नहीं है। अतः आवश्यक है कि किताबों को पढ़ा जाए। किताबों को पढ़ने की आदत बचपन से ही डालनी चाहिए। आदत होने पर किताब पढ़ना फालतू का काम नहीं लगता है, बल्कि हर नई किताब नया रोमांच जगाती है। एक किताब पूरी होने पर दूसरी को पढ़ने की ललक पैदा करती है। किताबों को पढ़ने से स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता है। मोबाइल अथवा लैपटॉप से निकलने वाली हानिकारक किरणों से भी हमारी आंखें और चेहरे को बचाव मिल जाता है। सबसे अधिक महत्वपूर्ण बात है कि किताब को एक बार दोस्त बना लिया जाए तो जीवन भर ज्ञान का भंडार हमारे साथ चलता है। पढ़ने के साथ ही लिखने की आदत का पड़ जाना बहुत सामान्य है। सभी अच्छे लेखक पढ़ने के शौकीन होते हैं। किताब को पढ़कर कुछ न कुछ हमारे मस्तिष्क में अवश्य चलता रहता है। उसे लिखने की आदत हो तो कितनी नई किताबें तैयार हो सकती हैं।

आवश्यकता एक दृढ़ निश्चय की है। सही जीवन मंत्र की है। जीवित तो बहुत से लोग रहते हैं, परंतु एक अनुकरणीय जीवन जीने वाले कम होते हैं। सफल व्यक्तियों, वैज्ञानिकों, दार्शनिकों और विचारकों की जीवनी यदि पढ़ें तो यही निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि किताबें पढ़ने की सभी को आदत रही है।

पुस्तक समीक्षा

# किसानों की समस्याओं पर दस्तावेजी अंक




ज़ाहिद ख़ान
समीक्षक


जयप्रकाश 'धूमकेतु' के संपादन में बीते ढाई दशक से निरंतर निकल रही 'अभिनव कदम', हिन्दी साहित्य की प्रगतिशील विचारों की एक महत्त्वपूर्ण साहित्यिक पत्रिका है। 'अभिनव कदम' ने पत्रिका के 43-44 और 45-46 अंक 'किसान और किसानी' विशेषांक के तौर पर निकाले हैं। इन अंकों के अतिथि संपादक अटल तिवारी और डॉ. बिपिन तिवारी हैं। यह उनका एक ऐसा दस्तावेजी काम है, जिसका मूल्यांकन बाद में होगा। बहरहाल, बीते एक दशक से देश में किसान और उनकी समस्याएं केन्द्र में है। इसके लिए संपादक द्वय अटल तिवारी और डॉ. बिपिन तिवारी ने काफी मेहनत की है। उनकी यह मेहनत इन अंकों में साफ झलकती है। एक योजनाबद्ध तरीके से उन्होंने अंकों के लिए सामग्री इकट्ठी की है। पत्रिका का पहला खंड दस्तावेज है। जिसमें 'किसान और साहित्य', 'किसान और राजनीति', 'किसानों से संवाद', 'किसान और बुद्धिजीवी' अध्यायों के अंतर्गत देश के जाने-माने साहित्यकारों, पत्रकारों, सियासी रहनुमाओं और इतिहासकारों मसलन प्रतापनारायण मिश्र, गणेशशंकर विद्यार्थी, प्रेमचंद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', राहुल सांकृत्यायन, श्री वासुदेवशरण अग्रवाल, नवजादिक श्रीवास्तव आदि कुल पैंतालिस शख़्सियतों के विचार संकलित हैं। इन विचारों को पढ़कर अंग्रेजी हुकूमत से लेकर आज़ाद भारत के शुरुआती सालों में किसानों की जो समस्याएं रही हैं, उन पर विस्तृत रौशनी पड़ती है।



*किताब समीक्षा: अभिनव कदम 43-44, 45-46 (किसान और किसानी विशेषांक खंड-1 और खंड-2)*
*संपादक: जयप्रकाश 'धूमकेतु'अनुवाद: एस.के. साबिरा*
*अतिथि संपादक : बिपिन तिवारी और अटल तिवारी*
*मूल्य: 400 रुपए*

शब्दों की सीख

# दूध की पांती

*मामराज ने भानू को पुकारते हुए कहा कि आजा, मां को हाथ लगा दे। ई दूध में तो तेरी ही पांती ही। मां कह कर गई है।*




गजानन्द शर्मा
साहित्यकार


रुकमा ने फिर पोळ के बाहर निकलकर देखा-गली में अंतिम छोर तक भी लक्ष्मी आती नजर नहीं आई। स्कूल से लौटने का टाइम तो हो गया। पड़ोस में उसके जेठ के घर से बच्चों का शोर सुनाई दे रहा था। लगता है स्कूल से लौट आएं हैं। फिर लक्ष्मी कहां अटक गई। फिर उसे पड़ोस के ही एक और बच्चे भानू का ख्याल आया। वह और लक्ष्मी दोनों अक्सर साथ साथ ही स्कूल जाते और आते हैं। सोचा पूछूं वह आया या नहीं। वह यह सोच ही रही थी कि इतने में उसे सामने वाली गुवाड़ी से भानू की मां आते नजर आई। उसे देखते ही रुकमा ने पूछा- अरी गोमती, भानूड़ो स्कूल सूं आय गो के। गोमती बोली- नहीं आया जीठानी जी। मैं खुद यह देखने आ रही थी कि लक्ष्मी आ गई क्या। वह भी नहीं आई, रुकमा बोली। फिर अपने पति के प्रति थोड़ी खीज दिखाते हुए बोली- लक्ष्मी को बापू भी कठै पटेलाई करतो डोलै है। ई टैम टाबरां ने ई संभाळ ले। तूं थोड़ा घर का ध्यान रख। सभी खुले ही पड़े हैं। मैं देखकर आती हूं। यह कहकर रुकमा स्कूल की ओर चल पड़ी और गोमती वहीं पोळ के गेट के पास खड़ी रह गई। रास्ते में कुएं के पास रुकमा को तीन चार बच्चे खड़े नजर आए। उनमें से एक बच्चा बोल पड़ा। ताई लक्ष्मी को देख रही हो क्या। वह भानू के साथ आ रही है। उसका भागते हुए पैर मुड़ गया था। लक्ष्मी ने इतना सुना कि उसने अपनी चाल और तेज कर दी, लेकिन मन में थोड़ी तसल्ली भी हुई कि भानू उसके साथ है। वह गांव के बाहर निकल जोहड़ में पहुंची थी कि उसे सामने भानू दोनों कंधों पर दो बैग लटकाए और पीठ पर पीठ्ठू की तरह लक्ष्मी को लादे आता नजर आया।

रुकमा एकदम से सन्न रह गई। अरे कुछ टूट तो नहीं गया। उसने आवाज लगाई- अरे वहीं रुक जाओ खेजड़ी की छांव में। मैं आ रही हूं। भानू ने लक्ष्मी को खेजड़ी के नीचे छाया में बैठा दिया। रुकमा ने वहां पहुंच पहले लक्ष्मी का पैर देखा। टखने के पास कुछ सूजन थी। जब आश्वस्त हो गई कि कुछ टूटा तो नहीं है तो दोनों बैग उठाए और लक्ष्मी को गोद लेने लगी तो भानू बोला- ताई, बाई को तो मैं ही पीठ पर ही बैठा लूंगा। आप तो बस बैग ले लो। यह सुनना था कि रुकमा की आंखों से पानी ढलक पड़ा। बच्चे तो और भी थे, उनके कुटुंब के भी। पर इसके सिवा रुका एक भी नहीं। रुकमा ने लक्ष्मी को अपने कंधों पर बैठा लिया और दोनों बैग उठाने लगी तो भानू बोल पड़ा- ताई इनको मैं ले चलूंगा और उसके लाख कहने पर भी उसने दोनों बैग दोनों कंधों पर टांग लिए और फुदकता हुआ चलने लगा। इधर, सुखराम भी घर लौटा तो देखा पोळ पर गोमती खड़ी है। सुखराम कुछ पूछता उससे पहले ही उसने हाथ के इशारे से बताया कि रुकमा स्कूल गई है बच्चों को लेने। सुखराम चलने को हुआ तो सामने से रुकमा और बच्चे आते नजर आए। उसने देखा लक्ष्मी रुकमा के कंधे पर बैठी है। उसे अंदेशा हुआ कहीं गिर पड़ गई दिखती है। उसने दौड़कर लक्ष्मी को अपनी गोद में ले लिया। पर रुकमा तो गुस्से भरी पड़ी थी। वहीं, फट पड़ी-और पटेलायां करता घूमता रो। टाबर अर म्है तो कुआं में पड़ो भलांई। थारी पटेलाई में कोई बिझोक नहीं पड़नू चाईजै। सुखराम कहता ही रह गया-स्याणी हुआ क्या यह तो बता, लेकिन जब तक पूरा रोष आंसू बनकर शब्दों में न बह गया वह थमी ही नहीं। आखिर में तो उसने ब्रह्मास्त्र ही छोड दिया-थारै सूं तो ओ भानूड़ो ई चोखो। भाण की अतरी तो चिंता करी। घर के भीरत आए तो सुखराम को पता नहीं क्या सूझी वह भानू से पूछ बैठा- सारे बच्चे आ गए तूं इसको छोड़कर क्यों नहीं आया। भानू बोला- मैं छोड़कर आ जाता तो मां डांटती। मां कहती है ताई ने लक्ष्मी के हिस्से का दूध मुझे पिलाया, इसलिए हमेशा इसका ध्यान रखना। इससे लड़ना नहीं। यह सुन सुखराम के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। उसने रुकमा की ओर देखते हुए कहा- यह क्या कह रहा है। रुकमा बोली -सही कह रहा है। बेटो लिछमी का उंठेड़ा चूंग्यां हीं। असर तो आई सी। फिर उसने पूरी बात बताई कि उसने कब और कैसे भानू को अपना दूध पिलाया था और उनको क्यों नहीं बताया। सुखराम ने ग्यारह बारह साल के बच्चे की आत्मा का भाव और उसकी मां की शिक्षा को देखते हुए हाथ जोड़ लिए। बोला धन्य है गोमती तुम्हें। फिर सुखराम को ख्याल आया कि भानू और लक्ष्मी रोज साथ खेलते हैं और वह इसको कितना डांट देती है और यह चुपचाप सुनकर रह जाता है। भानू घर में उत्पात करता तो यह कहकर भगा देती कि जा तेरी धाय मां के पास। इन बातों को आज चार दशक हो गए। ये बातें और किस्से भी पुराने हो गए। लक्ष्मी अपनी ससुराल चली गई और अपनी धर गृहस्थी में रम गई। भानू भी अपनी नौकरी चाकरी में लग गया। हां, विवाह शादियों में मिलते अवश्य। लक्ष्मी भानू को सगे भाइयों की तरह ही मानती। भानू नौकरी के साथ शहर में बस गया तो मेल मिलाप भी कुछ कम हो गया। आज सुखराम के घर पर पूरा कुनबा इकट्ठा था। भानू भी आ गया था। रुकमा आज सुबह भगवान के घर चली गई। उसके अंतिम संस्कार पर सारे लोग एकत्र थे। चिता सज गई थी। सुखराम के तीनों बेटे मां को मुखाग्नि देने की तैयारी में थे। तभी उसके बड़े बेटे मामराज ने पहले चारों ओर नजर फैलाई और फिर भानू को पुकारते हुए कहा कि आजा, मां को हाथ लगा दे। ई दूध में तो तेरी ही पांती ही। मां कह कर गई है। पीछे खड़ा भानू आगे आया तो उसकी आंखों में गंगा जमुना बह रही थी। तीनों भाइयों के साथ उसने भी मुखाग्नि दी। जैसे ही चिता की परिक्रमा पूरी हुई भानू की रुलाई फूट पड़ी। मां ओ बड़ी मां---। बुजुर्ग सुखराम ने एक बार फिर उसको अपने सीने से चिपका लिया। जैसे वह उसका अपना जाया हो। ■■■■

### अमेरिका में सिखों पर की गई टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी ने दी सफाई, वीडियो शेयर कर किया पलटवार

# भाजपा ले रही है झूठ का सहारा, मुझे चुप कराने का प्रयास: राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में सिखों को लेकर की गई अपनी टिप्पणी की भाजपा द्वारा आलोचना किए जाने पर पलटवार किया है। उन्होंने भाजपा पर उनकी बात को तोड़ मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। अमेरिका में दिए अपने भाषण की एक क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा अमेरिका में कही गई मेरी बातों को लेकर झूठ फैला रही है। मैं भारत और विदेश में रह रहे हर सिख भाई और बहन से पूछना चाहता हूं कि क्या मैंने जो कहा है उसमें कुछ भी गलत है? क्या ऐसा होना चाहिए? क्या भारत ऐसा देश नहीं बनेगा जहां हर सिख और हर भारतीय बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से अपने धर्म का पालन कर सकें? लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने अमेरिका में की गई अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि भाजपा उन्हें चुप कराने का प्रयास कर रही है। क्योंकि वह सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। गांधी ने कहा कि हमेशा कि तरह इस बार भी वह झूठ का सहारा



ले रहे हैं। वह मुझे चुप कराना चाहते हैं लेकिन मैं हमेशा वही कहूंगा जो भारत को परिभाषित करता है यानि हमेशा भारत की एकता ,विविधता और समानता की बात करूंगा।

ज्ञात रहे कि अमेरिका के वर्जीनिया में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करने के दौरान राहुल गांधी ने भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों पर बात की थी। उन्होंने भाजपा और उसके वैचारिक केंद्र राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर भारत के एक ऐसे दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जहां कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को नीचा माना जाता है।

#### राहुल ये कह रहे हैं वीडियो में

गांधी ने वीडियो में कहा कि यह लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है, यह जमीनी है। लड़ाई इस बात के लिए है कि क्या उसे (एक सिख व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए) भारत में अपनी पगड़ी, अपना कड़ा पहनने और गुरुद्वारा जाने की अनुमति दी जाएगी। और यह सिर्फ उसके लिए नहीं है, सभी धर्मों के लिए है। आरएसएस मूल रूप से जो कह रहा है वह यह है कि कुछ राज्य अन्य राज्यों से हीन है, कुछ भाषाएं अन्य भाषाओं से हीन हैं, कुछ समुदाय अन्य समुदायों से हीन हैं। इस पर हमारी राय यह है कि चाहे आप पंजाब, हरियाणा,राजस्थान या एमपी या किसी भी राज्य से हों, आप सभी को अपने इतिहास अपनी परंपराएं, भाषा है इस सब के बाद भी आप सब भारत के लिए जरूरी हो, आपसे मिलकर ही भारत बनेगा। सभी एक दूसरे का सम्मान करें। यह वो भारत है जो की हम बनाना चाहते हैं।

#### पुरी ने बताई थी राहुल की टिप्पणी को भयावह

इससे पहले राहुल गांधी के अमेरिका में दिए इस भाषण पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गांधी पर हमला बोलते हुए कहा था कि राहुल की यह टिप्पणी भयावह है, वह भारत में सिखों के साथ व्यवहार के बारे में झूठ फैला रहे हैं। एक कॉन्फ्रेंस के दौरान पुरी ने कहा कि गांधी प्रवासी सिखों की भावनाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। उन्होंने जो भी बात वहां पर कही उसका वास्तविकता से दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं है।

---

## लोकायुक्त के सामने पेश हुए पूर्व CM येदियुरप्पा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा कथित अवैध भूमि अधिसूचना मामले में शनिवार को कर्नाटक लोकायुक्त के समक्ष पेश हुए। लोकायुक्त के एक सूत्र के अनुसार लोकायुक्त की पुलिस शाखा ने उन्हें को नोटिस दिया था। ज्ञात रहे कि येदियुरप्पा को ये समन तब मिला, जब कर्नाटक में सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस की तरफ से लोकायुक्त से येदियुरप्पा और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ भूमि अधिसूचना के कथित उल्लंघन के संबंध में जांच में तेजी लाने का अनुरोध किया गया।

## चुनाव आयोग करेगा झारखंड व महाराष्ट्र का दौरा




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) अगले हफ्ते महाराष्ट्र और झारखंड का दौरा करेगा। यह दौरा विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए होगा। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अगुवाई में आयोग 23-24 सितंबर को झारखंड और 27-28 सितंबर को महाराष्ट्र पहुंचेगा। पिछली बार महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव एक साथ हुए थे। लेकिन इ बार चुनाव आयोग ने दोनों राज्यों के चुनावों को अलग-अलग समय पर कराने का फैसला किया है। झारखंड में पिछले चुनाव अलग हुए थे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त होगा। जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को खत्म होगा। जम्मू-कश्मीर में चुनाव पहले से चल रहे हैं। जबकि हरियाणा में पांच अक्तूबर को मतदान होगा।

### जम्मू के मेंढर में चुनाव सभा में गरजे गृह मंत्री अमित शाह


# पीएम मोदी से डरता है पाकिस्तान इसलिए सीमा पर शांति : शाह

एजेंसी | मेंढर (जम्मू-कश्मीर)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया पाकिस्तान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डर से जम्मू सीमा पर संघर्षविराम का उल्लंघन नहीं कर पा रहा है और अगर वह भारतीय सेना पर एक भी गोली चलाता है, तो उसका जवाब तोप के गोले से दिया जायेगा। शाह ने शनिवार को जम्मू क्षेत्र के मेंढर इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीमाएं खामोश हैं और मेंढर तथा अन्य सीमावर्ती जिलों के लोग शांति से रह रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान को सीमा पर किसी भी तरह की दुस्साहस न करने की चुनौती देते हुए कहा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के समय में, इस क्षेत्र में सीमा पार से लगातार गोलाबारी होती थी। गोले की गर्जना बंद हो गई है, क्योंकि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डर गया है। शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए डॉ.अब्दुल्ला को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस के शासन में पहाड़ी, गूजर और बकरवाल अपने अधिकारों से वंचित थे।



#### ईद व मुहर्रम पर दो सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे



शाह ने चुनाव सभा में यह भी कहा कि ईद और मुहर्रम के मौके पर 2 गैस के सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। गृहमंत्री ने आगे कहा कि 18 हजार रुपया महिलाओं के खाते में आएंगे। इसके अलावा हम 500 यूनिट फ्री देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने युवाओं के हाथ से पत्थर छीना है। उन्होंने कहा कि, फारुख अब्दुल्ला लंदन में छुट्टी मनाते थे, जब यह आतंक फैलाता था। ये लोग कहते है हम आरक्षण खत्म करेंगे, लेकिन हमारी सरकार रिजर्वेशन देने काम करेंगी।

#### पहाड़ी, गुज्जर व बकरवाल को देंगे पदोन्नति में आरक्षण

शाह ने कहा, मैं आपको बता दूं कि अगर डॉ. फरूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला खुद को उल्टा भी कर लेंगे, तो भी हम पहाड़ी आरक्षण खत्म नहीं करेंगे। हम पहाड़ी, गुज्जर और बकरवाल को पदोन्नति में आरक्षण देंगे। शाह ने अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी (कांग्रेस) परिवारों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये तीन परिवार 40,000 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, इन तीन परिवारों की वजह से ही जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक पंचायत, बीडीसी और डीडीसी चुनाव नहीं हुए। आज, पंचायतों, ब्लॉक और जिलों के 30,000 से अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र का आनंद ले रहे हैं।

#### मुर्तजा ने लिया था मेंढर में रैली का वादा

मेंढर से भाजपा उम्मीदवार मुर्तजा खान के समर्थन की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने समुदाय के लिए आरक्षण मांगने वाले मुर्तजा पहले पहाड़ी व्यक्ति थे। उन्होंने कहा, वह अक्सर मुझसे पहाड़ियों को आरक्षण के बारे में ज्ञापन लेकर मिलते थे। मैंने एक बार उनसे कहा था कि आरक्षण जरूर दिया जाएगा, क्या आप (मुर्तजा) भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। फिर उन्होंने जवाब दिया कि अगर मैं (शाह) मेंढर में एक रैली करूंगा, तो वह चुनाव लड़ेंगे। शाह ने कहा,आज मुर्तजा चुनाव लड़ रहे हैं और मैं यहां एक रैली को भी संबोधित कर रहा हूं। यदि आप उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे, तो मैं यहां एक रात ठहरने के लिए आऊंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा का जम्मू को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में उन्नत करने का विजन है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जम्मू इलाके के पहाड़ों में बंदूकों की आवाज को नहीं गूंजने देगी।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताई लोकतंत्र की कसौटी

# शासक अपने विरोध को करें सहन... करें आत्ममंथन

एजेंसी | पुणे



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि शासक अपने खिलाफ जाहिर की गई सबसे मजबूत राय को भी बर्दाश्त करता है। वह इस पर आत्मचिंतन करता है। गडकरी शुक्रवार को यहां एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने लेखकों और बुद्धिजीवियों से निडर होकर अपनी बात रखने के लिए भी कहा। गडकरी ने कहा कि इन दिनों राजनीति में जो हो रहा है, वह अन्य जगहों पर भी हुआ है। किसी ने अपना अस्तित्व खो दिया है। हमारे देश में मतभेद कोई समस्या नहीं है, हमारी समस्या है किसी मत का नहीं होना। उन्होंने कहा कि हम न दक्षिणपंथी हैं और न ही वामपंथी, हम अवसरवादी हैं।

गडकरी ने कहा कि साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और कवियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विचारों को खुलकर और दृढ़ता से व्यक्त करें। लोकतंत्र की अगर कोई सबसे बड़ी कसौटी है तो वह यह है कि यदि कोई विचार राजा(शासक) के विरोध में है, तो राजा उसे सहन करे और उस पर आत्ममंथन करे। यही वास्तविक लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि लिखे हुए अक्षर और उसके पीछे की भावना में काफी अंतर है। जानकार व्यक्ति को कानून के पीछे की भावना समझनी चाहिए। कई बार स्थिति ऐसी होती है कि सड़कों पर गड्ढे भरने हों तो भी बॉस के आदेश की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि मैं अभी उनके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन जैसे ही पैसा हाथ में होता है, काम शुरू हो जाता है।

#### जितना अधिक वजन, उतनी ही तेजी से चलती है फाइल

गडकरी ने कहा कि हमारे यहां 'न्यूटन के पिता' हैं। आप फाइल पर जितना अधिक वजन डालते हैं, फाइल उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती है। उन्होंने पारदर्शिता और समयबद्ध निर्णय लेने की प्रक्रिया की जरूरत पर जोर दिया।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का भाजपा पर पलटवार... कहा-

# हम बिरयानी खाने, गले मिलने नहीं गए: खरगे

एजेंसी | जम्मू

कांग्रेस ने पाकिस्तान के साथ फिर से बातचीत शुरू करने के आरोप को लेकर भाजपा पर पलटवार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जो भी कहा है कि कांग्रेस पाकिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है, ये सब झूठ है। वे मुद्दे को भटकाना चाहते हैं।

खरगे ने शनिवार को जम्मू में एक प्रेस वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारी पार्टी पाकिस्तान जाकर बिरयानी नहीं



खाती और न गले मिलती है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी की दिसंबर 2015 में पाकिस्तान की आश्चर्यजनक यात्रा के संदर्भ में की गई थी, जब उन्होंने पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ से मुलाकात की थी। खरगे ने कहा,मैं आपसे पूछता हूं, भाजपा पिछले 10 साल से केंद्र में सत्ता में है और यहां उनके द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल हैं। उन्होंने जो वादे किए थे, उन्हें क्यों पूरा नहीं किया? उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, आप पाकिस्तान की बात करते हैं। मैं एक कहावत कहता हूं कि मोहब्बत हमारे साथ, शादी पाकिस्तान के साथ। गौरतलब है कि इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने एक रैली में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह पाकिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है।

#### यह कहा था मोदी ने

दो दिन पहले अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की कथित टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी आरोप लगाया था कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन पाकिस्तान के हितों के साथ मेल खाता है।

### हरियाणा में भाजपा का नया सियासी दांव

# शैलजा को BJP में आने की पेशकश

एजेंसी | चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा को भाजपा में आने की पेशकश की है। भाजपा के विरष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस में बहन कुमारी शैलजा का अपमान हुआ है। हमने कई नेताओं को अपने संग मिलाया है और उन्हें भी अपने साथ लाने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि शैलजा को गालियां तक दी गईं और अब तो वह घर बैठ गई हैं। उन्होंने कहा, 'इस अपमान के बावजूद कांग्रेस आलाकमान को कोई शर्म नहीं आई। आज एक बड़ा



वर्ग सोचने को मजबूर है कि आखिर क्या करें।' मालूम हो कि शैलजा बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के चुनाव प्रचार से दूर नजर आ रही हैं और अपने घर पर ही समर्थकों से मिल रही हैं। खट्टर से पत्रकारों ने पूछा कि क्या कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला भाजपा में शामिल होंगे? इसके जवाब में खट्टर ने कहा, यह संभावनाओं का संसार है और संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। सही समय आने पर आपको सब कुछ पता चल जाएगा। कांग्रेस में उनका अपमान हुआ है। खट्टर का यह बयान ऐसे समय आया है जब कुमारी शैलजा के कथित अपमान का मुद्दा खूब उठाया जा रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस का एक कार्यकर्ता शैलजा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करता दिखाई दे रहा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस पर कहा कि कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है।

---

### दिल्ली: अब आतिशी राज

# मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ आतिशी की नई पारी शुरू

■ पांच मंत्रियों ने भी ली शपथ, विभागों का बंटवारा, एक दर्जन विभाग खुद सीएम ने अपने पास रखे

एजेंसी | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। उनसे पूर्व कांग्रेस की शीला दीक्षित और भाजपा की सुषमा स्वराज दिल्ली की मुख्यमंत्री रही हैं। आतिशी के साथ उनकी कैबिनेट के पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत हैं। मुकेश अहलावत मंत्रिमंडल में नया चेहरा हैं। अन्य सभी नेता पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट का हिस्सा रहे हैं। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने सबसे पहले मुख्यमंत्री आतिशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद एक-एक कर कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। कैबिनेट मंत्रियों में सबसे पहले मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शपथ ग्रहण की उसके बाद पार्टी के वरिष्ठ मंत्री गोपाल राय ने और इसके बाद एक-एक कर कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन, मुकेश अहलावत ने शपथ ग्रहण की। मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।

वित्त, सर्तकता और जल मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदार आतिशी ने खुद अपने पास रखी है। आतिशी के पास लोक निर्माण विभाग, बिजली, . शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा, जनसंपर्क विभाग राजस्व, योजना, सेवाएं, सतर्कता, कानून, न्याय और विधायी मामलों की जिम्मेदारी होगी। ज्ञात रहे कि शपथ ग्रहण के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के चरण छुए।



#### आतिशी ने केजरीवाल को सराहा, गिरफ्तारी को बताया साजिश

शपथ ग्रहण के बाद आतिशी ने अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जमकर गुणगान किया। साथ ही उपराज्यपाल पर बरसते हुए अगले चार महीने के लिए अपना प्लान भी बताया। आतिशी ने कहा, मैं दिल्ली की बेटी, दिल्ली के इतिहास में सबसे लोकप्रिय नेता, मेरे बड़े भाई और राजनीतिक गुरु अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करना चाहती हूं कि उन्होंने मेरे ऊपर भरोसा किया। उन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। दिल्ली के लोगों की देखरेख की जिम्मेदारी। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल ने 10 साल में दिल्ली की तस्वीर बदल कर रख दी है। उन्होंने दिल्ली के आम लोगों की जिंदगी बदल दी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्यों आज अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री नहीं हैं। क्योंकि भाजपा की केंद्र सरकार ने केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रचा। उन पर झूठे मुकदमे लगाए। छह महीने से ज्यादा जेल में रखा। उनको तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन, अरविंद केजरीवाल झुके नहीं, दबे नहीं। अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी।

#### नया दलित चेहरा मुकेश अहलावत

मुकेश अहलावत आतिशी सरकार में मंत्री बनने वाले नए चेहरे हैं। इससे पहले की केजरीवाल सरकार में वो कैबिनेट का हिस्सा नहीं थे। मुकेश दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक हैं। वह पार्टी का दलित चेहरा हैं। इसलिए जानकारों का मानना है कि पार्टी ने दलित वोटरों को साधने के लिए मुकेश अहलावत पर दांव लगाया है, क्योंकि पार्टी के दो बड़े दलित चेहरे राजकुमार आनंद और राजेंद्र पाल गौतम इस्तीफा दे चुके हैं। इसलिए पार्टी में दलितों का समर्थन जुटाने के लिए कोई चेहरा नहीं था। इसी के साथ कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें सामाजिक न्याय विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## अमेरिका : पीएम मोदी के स्वागत में उमड़ा भारतीय समुदाय






*वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के तहत भारतीय समयानुसार शनिवार शाम फिलाडेल्फिया पहुंचे। फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अमेरिका के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल एथन रोसेनजवेग ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग भी हवाई अड्डे पहुंचे।*

### तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# स्वागत में उमड़ा भारतीय समुदाय क्वाड बैठक में होंगे शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के तहत भारतीय समयानुसार शनिवार शाम फिलाडेल्फिया पहुंच गए हैं। फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर भारतीय प्रवासी समुदाय ने पीएम मोदी को गर्मजोशी से स्वागत किया। अमेरिका के विभिन्न शहरों से भारतीय प्रवासी प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर उनका स्वागत करने के लिए फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रवासी समुदाय के लोगों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया।

इससे पहले फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अमेरिका के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल एथन रोसेनजवेग ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। अमेरिका के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल का पद राजदूत और सहायक विदेश मंत्री के समकक्ष होता है। एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत के लिए भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय श्रीकांत प्रधान भी मौजूद रहे। पीएम यहां से पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के गृहनगर विलमिंगटन, डेलावेयर पहुंचे। यहां पर दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय चर्चा हो रही है। अमेरिका में पीएम मोदी के स्वागत के लिए भव्य तैयारियां की गई हैं।



### व्हाइट हाउस अधिकारियों की खालिस्तान समर्थकों के साथ बैठक

इस बीच, पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने खालिस्तान समर्थक नेताओं से मिलकर सबको चौंका दिया है। अधिकारियों ने सिख नेताओं को आश्वासन दिया कि अमेरिका सरकार सभी अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह इस तरह की पहली बैठक थी। व्हाइट हाउस परिसर में गुरुवार को हुई इस बैठक में अमेरिकन सिख काकस कमेटी के संस्थापक प्रीतपाल सिंह, सिख गठबंधन और सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रीतपाल सिंह ने बताया कि सिख अमेरिकियों की जान बचाने और हमारे समुदाय की सुरक्षा में सतर्कता बरतने के लिए हमें संघीय सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त करने का मौका मिला। हमने उनसे और अधिक काम करने को कहा है। हम उनके इस आश्वासन पर कायम रहेंगे कि वे ऐसा करेंगे।

### UN में नहीं होगी मोदी और यूनुस की मुलाकात

**नई दिल्ली/ ढाका।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की मुलाकात नहीं होगी। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि वह दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। हुसैन ने कहा कि सभी मुद्दों को सुलझाकर हम आपसी सम्मान और निष्पक्षता के आधार पर अपने रिश्ते को आगे बढ़ाना चाहते हैं। जयशंकर के साथ हमारी मुलाकात लगभग तय है। भारत के साथ हमारे संबंधों में तनाव है। किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए हम भारत के अस्तित्व को नकार नहीं सकते। हम निश्चित रूप से तनाव से हटकर कामकाजी संबंध स्थापित करने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।

### क्वाड शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

तीन दिनों की अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री डेलावेयर में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भविष्य के शिखर सम्मेलन (एसओटीएफ) में भाग लेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें भी करने वाले हैं। पीएम मोदी क्वाड बैठक में हिस्सा लेने के लिए देर रात फिलाडेल्फिया से डेलावेयर के लिए रवाना हो गए। भारत से रवाना होने से पहले, पीएम मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वह क्वाड शिखर सम्मेलन में अपने सहयोगियों राष्ट्रपति बाइडेन, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी और जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हैं।

### खुल हिंद प्रशांत के लिए ये क्वाड जरूरी : बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने ट्वीट किया, आज मैं प्रधानमंत्री अल्बनीज (ऑस्ट्रेलिया), मोदी और किशिदा का अपने घर डेलावेयर में स्वागत करूंगा। ये नेता न केवल एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं- वे मेरे और हमारे राष्ट्र के दोस्त हैं।

### भारत- अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी होगी और मजबूत: मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि यह मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन के साथ उनकी बैठक, दोनों देशों को भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए नए रास्तों की समीक्षा करने और उनकी पहचान करने का अवसर देगी।

## जरूरी खबर

### NCP के दोनों गुटों को नए चुनाव चिह्न पर सुनवाई 25 को

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राकांपा के शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और मांग की कि राकांपा के दोनों गुटों को नए चुनाव चिन्ह दिए जाएं। शरद पवार गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की। इसके बाद जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को 25 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

### पीएम मोदी अगले माह लॉन्च करेंगे दो प्रोजेक्ट




**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय आने वाले अक्टूबर महीने में दो बड़े प्रोजेक्ट लॉन्च करेगा। इसमें टीकाकरण सेवाओं को पूरी तरह से डिजिटल किए जाने के लिए तैयार यू -विन पोर्टल भी है। हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 70 वर्ष और इससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में लाने का फैसला किया है, जिसकी भी तैयारी पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दोनों प्रोजेक्ट को लॉन्च करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना का विस्तार करना एक बहुत बड़ा काम है, जिसे पूरा किया गया है।

### महिला की हत्या, शव के तीस टुकड़े किए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु के मल्लेश्वरम इलाके में एक महिला की हत्या के बाद शव के 30 से ज्यादा टुकड़े कर दिए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब महिला के घर में फ्रिज खोलकर देखा तो शव के टुकड़ों को देखकर होश उड़ गए। पुलिस ने बताया कि यह महिला एक मॉल में काम करती थी। महिला अपने पति से अलग रह रही थी। उसका पति शहर से दूर एक आश्रम में काम करता है। पुलिस को सूचना मिली कि महिला का घर कई दिनों से बंद है और उसे किसी ने देखा नहीं है। इस पर पुलिस ने महिला के घर पहुंच कर जांच की तो उसकी हत्या की पुष्टि हुई।

### प्रसाद मामले में बोले आंध्र के सीएम

# धर्मगुरुओं-विशेषज्ञों की लेंगे सलाह, फिर करेंगे कार्रवाई

**एजेंसी** | अमरावती



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि तिरुपति के लड्डू में जानवरों के चर्बी वाले घी की मिलावट के आरोपों के बाद उनकी सरकार धर्मगुरुओं और विशेषज्ञों की राय लेगी। इस मामले में आगे क्या कदम उठाना है, वे इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम (टीटीडी) के संबंध में सही फैसला लेने के लिए विशेषज्ञों से चर्चा करेगी। उन्होंने कहा, हम चर्चा कर रहे हैं कि आगे क्या करना है। साधुओं और सनातन धर्म के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद हम तय करेंगे कि अनुष्ठानिक शुद्धता कैसे बनाए रखी जानी चाहिए। दूसरी ओर तिरुपति मंदिर प्रशासन- तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) अब अपने इन-हाउस हाई-टेक टेस्टिंग मशीनरी का उपयोग करेगा, जो लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले घी की गुणवत्ता और शुद्धता की जांच करेगी। यह मशीनरी राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा दान की जाएगी और इसके दिसंबर-जनवरी तक स्थापित होने की उम्मीद है। ज्ञात रहे कि नायडू ने हाल ही में एनडीए की विधायक दल की बैठक के दौरान कहा था कि पिछली सरकार ने वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसादम के लड्डू बनाने के लिए खराब गुणवत्ता वाली सामग्री और जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया।

# 8 हाई कोर्ट को मिले नए चीफ जस्टिस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आठ उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से जारी अधिसूचनाओं के अनुसार, दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन को इसी हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश राजीव शकधर को हिमाचल प्रदेश और न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश इंद्र प्रसन्ना मुखर्जी को मेघालय, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश नितिन मधुकर जामदार को केरल हाई कोर्ट, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ताशी रबस्तान को इसी हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश श्रीराम कल्पना राजेंद्रन को मद्रास हाई कोर्ट व हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव को झारखंड हाई कोर्ट में स्थानांतरित किया गया।

### मणिपुर में फिर मंडराया हिंसा का खतरा

# म्यांमार से 900 आतंकी मणिपुर में घुसे, हाई अलर्ट

## आतंकी ड्रोन, मिसाइल और जंगल में लड़ाई करने में माहिर

**एजेंसी** | इंफाल



फाइल फोटो

म्यांमार के करीब 900 आतंकवादी मणिपुर में घुस गए हैं और वे राज्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह जानकारी खुफिया रिपोर्टों में दी गई है। राज्य के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने खुफिया विभाग के इस दावे की पुष्टि की है। सिंह ने कहा कि कुकी आतंकवादियों के खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। म्यांमार से सटे पहाड़ी इलाके में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। यह इलाका कुकी बहुल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक म्यांमार से घुसपैठ करने वाले ये आतंकी ड्रोन आधारित प्रोजेक्टाइल्स, मिसाइल और जंगल में लड़ाई करने में माहिर हैं। कुलदीप सिंह ने कहा कि इस खुफिया रिपोर्ट को हलके में नहीं लिया जा सकता है। खुफिया रिपोर्ट को सभी जिलों के एसपी और पुलिस के अन्य अधिकारियों को भेज दिया गया है।

### मैतेई गांवों पर एक साथ हमले की साजिश

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आतंकवादी 30-30 के गुट में पूरे राज्य में फैलना चाहते हैं। इसके बाद वे सितंबर के आखिरी सप्ताह में मैतेई गांवों को एक साथ निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। रिपोर्ट को लेकर कुलदीप सिंह ने कहा कि खुफिया इनपुट पर विश्वास करके तैयारी करना ही सही होता है। अगर यह नहीं भी सही होती है तो इसमें दो ही गुंजाइश हैं। या तो ऐसा हुआ ही नहीं, या फिर सुरक्षा एजेंसियों के प्रयास के चलते होने नहीं दिया गया।

### रणनीतिक समूह की बैठक में हुआ मंथन

1 सितंबर के बाद से बढ़ी हिंसा की घटनाओं को लेकर कुलदीप सिंह ने कहा कि 18 सितंबर को स्ट्रैटजिक ऑपरेशन ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। इसमें सुरक्षा एजेंसियों को साथ मिलकर ऑपरेशन चलाने की बात कही गई है। इसके अलावा खुफिया रिपोर्ट पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों को खुफिया रिपोर्ट के बारे में बता दिया गया है। इसके अलावा चुराचांदपुर, फेरजॉल, तेंगनॉपाल, कामजोंग और उखरुल जिलों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### म्यांमार में चल रही है लड़ाई

म्यांमार में सशस्त्र गुट सरकारी जुंटा के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं और बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर चुका है। चिन प्रांत में जुंटा और जातीय ग्रुप के बीच भीषण संघर्ष देखने को मिल रहा है। भारत की सीमा से सटे इलाकों के सैनिक भागकर भारत आने की कोशिश में रहते हैं। वहीं उनका पीछा करते हुए नि प्रांत के विद्रोही भी भारत में घुसने के फिराक में रहते हैं। मणिपुर सरकार कई बार कह चुकी है कि बीते एक साल से ज्यादा से चल रही हिंसा में विदेशी ताकतों का भी हाथ है।

### अधीर को हटाया, शुभंकर बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष

**कोलकाता।** कांग्रेस ने अधीर रंजन चौधरी को बंगाल प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष पद हटा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुभंकर सरकार को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात रहे कि अधीर रंजन चौधरी ने हाल ही में बहरामपुर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव हारने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें टीएमसी के नए उम्मीदवार और पूर्व क्रिकेटर युसूफ पठान ने हराया था। नई नियुक्ति के साथ, शुभंकर सरकार को कांग्रेस सचिव के उनके वर्तमान पद से मुक्त कर दिया गया है। बता दें कि अधीर लोकसभा चुनावों के दौरान नाराज थे।

### शॉर्ट प्ले में लखनऊ से आए विशेषज्ञों ने किया युवाओं से इंटरेक्ट

# अपने बच्चों के हाथों के जादू को अनुभव कर भावुक हुए पेरेंट्स

**बेधड़क.जयपुर।** गुलाबी नगरी में लखनऊ के नवाब और उसके सेवक आए तो हर कहीं नवाबी अदब दिखाई देने लगा। फिर जैसे ही लखनवी कबाब और जायकों की खुशबू फैली तो प्रस्तुति में चार चांद लग गए। ये अनूठा नजारा था वैशाली नगर स्थित यूईआई ग्लोबल का, जहां लखनवी अंदाज और जायके देखने को मिले। इस दौरा युवा लखनऊ के नवाब, बैगम और सेवक बने और उन्होंने लखनऊ का दरबार जयपुर में सजाते हुए एक शॉर्ट प्ले की प्रस्तुति देते हुए लखनऊ के जायकों की बात तकनीक के साथ की। वहीं, लखनऊ से आए शेफ रजत ने अपने अनुभव शेयर किए। इस मौके पर स्वाद-ए-अवध आयोजित किया गया।





### रचनात्मकता का लिया आनंद

इस मौके पर अवधि टेस्ट के लिए युवाओं के माता-पिता भी एक मंच पर आए। उन्होंने अपने बच्चों के हाथों के जादू को स्वयं अनुभव किया। ऐसे में कोई भावुक तो कोई रोमांचित नजर आया। उन्होंने यूईआई में रचनात्मकता को देखने का आनंद लिया। एमडी मनीष खन्ना ने बताया कि लखनऊ से स्पेशली शेफ रजत भी युवाओं के बीच आए नवाबों के शहर की खासियत को शेयर किया। उन्होंने युवाओं के बीच रहकर अनुभव शेयर किए।

### 30 युवाओं ने कई जायके दर्शाए

डिप्टी डायरेक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि इस दौरान 30 युवाओं ने कई जायके दर्शाए, जिसमें उन्होंने अपनी सीख को शामिल किया। साथ ही सभी ने मिलकर लखनऊ की थीम पर ही नाटक प्रस्तुत कर एक अनूठे अंदाज में वहां के जायकों को सबके सामने लाने का प्रयास किया।

## शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्र



**बेधड़क. जयपुर।** प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग संस्था और राम सहाय देवी सहाय फाउंडेशन की ओर से छठे रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में प्रदेश अग्रवाल महासभा अध्यक्ष विनोद गोयल, महासचिव मक्खन लाल कांडा, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव गिरिराज गर्ग, किसान कांग्रेस जयपुर जिला अध्यक्ष गुलाबचंद सैनी इंदौरा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर के पार्षद लादूराम दुलारिया, झोटवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा गुरुजी, विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कोषाध्यक्ष राजेश पोद्दार, मुनेश चौधरी, इंदर गोदारा, पीसी खटकड़, बलवंत यादव, राजेश जाजोरिया सहित बड़ी संख्या में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

## प्रो. जनक को मिलेगा 'भारत गौरव'



**बेधड़क. जयपुर।** शिक्षा, साहित्य, शोध, समाज सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर किए गए कार्यों के लिए प्रो. जनक सिंह का भारत गौरव सम्मान-2024 के लिए चयन किया गया है। दिव्यांग जगत की ओर से यह सम्मान 6 अक्टूबर को एमआई रोड स्थित भैरोसिंह शेखावत सभागार में दिया जाएगा।

## चार मुनि संघों का हुआ मिलन




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज का सामूहिक क्षमापना समारोह 7 दिगम्बर जैन आचार्य मुनिराजों के सानिध्य में रविवार को होगा। आयोजन के लिए चार दिगम्बर जैन मुनि संघों का शनिवार को कीर्तिनगर के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मिलन हुआ। अब महावीर स्कूल में सुबह 8 बजे से आयोजित होने वाले समारोह में 125 त्यागी व्रती तपस्वियों का अभिनंदन किया जाएगा। सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि राजीव- सीमा जैन गाजियाबाद होंगे। अध्यक्षता सुधांशु-ऋतु कासलीवाल करेंगे।

## City इवेंट्स

### आदिनाथ अतिशय क्षेत्र में लगा मेला



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र में वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। प्रचार-प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि सुबह मूलनायक भगवान आदिनाथ का जलाअभिषेक व शांतिधारा के बाद शांतिनाथ मण्डल विधान पूजा का साजों-बाजों से संगीतमय आयोजन किया गया। प्रदेश महामंत्री विनोद जैन व मंदिर समिति अध्यक्ष महावीर गंगवाल ने बताया कि राकेश वैद, अनुश्री जैन, अमन जैन व भवी गंगवाल को रत्नत्रय तेला करने व अतिथियों का मंदिर कमेटी व स्थानीय समाज द्वारा सम्मान किया गया।

### 'स्वभाव स्वच्छता' में किया प्लांटेशन



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में 5वें दिन स्वच्छता ही सेवा 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' जागरूकता के लिए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। जयपुर में गणपति नगर रेलवे पार्क में डॉ. लक्ष्मी मीना मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ.नीतू मीना वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारी (प्रशा.), डॉ. प्रियदर्शनी वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सुरेश मीना वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य) व रेलवे कर्मचारियो ने पौधरोपण किया।

### समाज के 'गूंगे'पन को किया बयां



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में रांगेय राघव की कहानी पर आधारित नाटक 'गूंगे' का मंचन किया गया। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि नाटक के मुख्य पात्र मनोज स्वामी ने अभिनय से विभिन्न पात्रों को जिया। उन्होंने समाज में व्याप्त गूंगेपन को अभिनय से दर्शाकर भावुक कर दिया। गूंगे की भूमिका में वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने पात्र के साथ न्याय किया। कहानी का मूल भाव समाज में हर कोई गूंगा है रहा। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंघवी की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह दिए गए।

### यात्रा पूरी करने पर जयपुर में हुआ सम्मान

## जयपुर के सूरज ने 2700 किमी. साइकिल यात्रा कर बनाया रिकॉर्ड



**बेधड़क | जयपुर**

जोश-जूनून और जज्बा किसे कहते हैं ये जयपुर के सूरज मीणा ने दर्शाया। उन्होंने साइकिल जयपुर से लेह तक उसके बाद लेह से वापस जयपुर तक का सफर साइकिल से किया। इसके बाद जब उनको सम्मान मिला तो वे भावुक और रोमांचित नजर आए। अमर जवान ज्योति पर साइकिल यात्रा पूरी की और वहीं उनका स्वागत-सम्मान किया गया। सूरज ने 20 अगस्त को जयपुर से लेह के लिए साइकिल यात्रा शुरू की थी और 9 सितम्बर को लेह से वापस जयपुर के लिए यात्रा की। सूरज ने यात्रा 2700 किलोमीटर की दूरी 24 दिन में पूरी की जो अब तक का रिकॉर्ड है। वापस आते हुए सूरज ने जम्मू होते हुए रास्ते को चुना जो 1500 किलोमीटर का लेह से जयपुर तक सफर है। कारगिल सोनबर्ग पंजाब होते हुए जयपुर करीब सूरज ने 12 दिन आए। ये एक रिकॉर्ड बना, जो गिनीज वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के अप्लाई किया जाएगा। उनको कोच महेश द्विवेदी और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक ने सपोर्ट किया। टांक ने बताया ने बताया सूरज को माला और साफा पहना कर सम्मान दिया गया। सूरज ने बताया कि लेह-लद्दाख और मनाली होते हुए गए थे, जो काफी कठिनाईओ भरा था। करीब 2000 मीटर एलिवेशन था। लेह में 50-60 प्रतिशत ऑक्सीजन में साइकिल चलाना बहुत कठिनायों भरा रहा।

### 22 दिसंबर को स्टारडम रिजोर्ट में होगा आयोजन

## विनायक शर्मा ने किया शेखावाटी रत्न सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन




**बेधड़क | जयपुर**

सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शनिवार को शेखावाटी रत्न सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन किया। फाउंडेशन संस्थापक पं. अनिल शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष निकिता शर्मा ने बताया कि समारोह 22 दिसंबर को स्टारडम रिजोर्ट में विप्र इंडिया वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

## एक्सपर्ट ने लाइसोसन डिसॉडर्स पर की चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, (आरआईसी) में चल रहे तीन दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसआईईएम 2024 में कई विषयों पर एक्सपर्ट ने चर्चा की। डिबेट में मेजर फोकस लाइसोसन डिसॉडर्स पर रहा। यह विकार बच्चों के जन्म के समय सामान्य होता है परंतु जैसे जैसे उसकी उम्र बढ़ती है लीवर का बढ़ना तिल्ली का बढना, हार्ट, ज्वाइन्ट्स पर प्रभाव आना, मस्तिष्क का डेवलप नहीं होना जैसे विकार जन्म लेने लगते हैं। इन बीमारियों के इलाज के लिए क्या नई दवाई आई है भविष्य में क्या होने वाला है के बारे में जानकारी दी गई।

**केज-फ्री मीटिंग** | अंतरराष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी चेन और केज-फ्री उत्पादक प्रतिनिधि हुए शामिल

## कॉर्पोरेट्स ने पशु कल्याण को प्राथमिकता देने पर दिया जोर

**बेधड़क | जयपुर**

पीपुल फॉर एनिमल्स पब्लिक पॉलिसी फाउंडेशन और ग्लोबल फूड पार्टनर्स ने होटल क्लार्क्स आमेर के सहयोग से एक केज-फ्री एग मीटिंग का आयोजन किया। बैठक में लगभग 50 प्रतिभागी एकत्रित हुए, जिसमें भारत भर के अंतरराष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी चेन और केज-फ्री उत्पादक के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से केज-फ्री अंडों के उपयोग से हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र द्वारा सस्टेनेबिलिटी और पशु कल्याण को प्राथमिकता देने



की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पर्यटन सचिव रवि जैन ने खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं से क्रूरता को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया और होटलों से केज-फ्री अंडों की ओर बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कि होटलों के लिए पशु कल्याण को शामिल करना और अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में नैतिक प्रथाओं और स्थिरता को अपनाना जरूरी हो गया है।

### परिवर्तन की शुरुआत खुद से

क्लार्क्स आमेर प्रबंध निदेशक अपूर्व कुमार ने होटल संचालन में पशु कल्याण के एकीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की शुरुआत खुद से होती है। उपस्थित प्रतिनिधियों में हयात रीजेंसी, मैरियट होटल्स, हिल्टन होटल्स, ले मेरिडियन होटल्स, रैडिसन होटल्स, बीडब्ल्यूएच होटल्स, आईटीसी राजपुताना और नोवोटेल जयपुर सहित लगभग 15 प्रमुख होटलों के प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम में होटलों की नैतिक उपभोग को बढ़ावा देने में बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

### सही साझेदार खोजने में मिल सकेगी मदद

कार्यक्रम में कई विशेषज्ञों ने संबोधित किया। सम्मेलन में आतिथ्य क्षेत्र और केज-फ्री अंडा उत्पादकों के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी को रेखांकित किया गया, जिससे मानवीय और स्थिर खाद्य स्रोतों की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। बीडब्ल्यूएच होटल्स के संचालन उपाध्यक्ष विजय बाजपेई ने कहा कि भारत हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण बाजार रहा है, क्योंकि यहां केज-फ्री अंडों की आपूर्ति सीमित है। कार्यक्रम से संस्थागत उपभोक्ताओं और केज-फ्री उत्पादक एक छत के नीचे आए, जिससे हमें हमारे देश भर के प्रॉपर्टीज के लिए केज-फ्री अंडों की आपूर्ति करने के लिए सही साझेदार खोजने में मदद मिल सकेगी।



### लेबनान के मंत्री बोले- हिजबुल्लाह पर 2006 के बाद सबसे घातक हमला

# इजराइली एयर स्ट्राइक में अब तक 31 लोगों का मौत



## हमले में 68 लोग घायल, 3 सीरियाई लोग भी मरे

एजेंसी | बेरूत

लेबनान की राजधानी बेरूत में शुक्रवार को हुए हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। इजराइली हवाई हमले में मरने वालों में सात महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास आबियाद ने शनिवार को यह जानकारी दी है। आबियाद ने संवाददाताओं को बताया कि इस हमले में 68 लोग घायल भी हुए हैं। उनके अनुसार, 2006 की इजराइल-हिजबुल्लाह लड़ाई के बाद से यह इजराइली सेना द्वारा किया गया सबसे घातक हवाई हमला था। आबियाद ने बताया कि इस हमले में तीन सीरियाई नागरिक भी मारे गए।



### हमले में हिजबुल्लाह के 11 सदस्य मारे गए

लेबनान में इजराइली हवाई हमले में जिन लोगों की मौत हुई है उनमें हिजबुल्लाह कमांडर इब्राहिम अकील और इस उग्रवादी संगठन के करीब दर्जन भर सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि हमले के समय ये सभी एक भवन के बेसमेंट में बैठक कर रहे थे। हमले में संबंधित भवन भी ध्वस्त हो गया। अकील हिजबुल्लाह की रडवान फोर्सेज का प्रभारी था। वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री आबियाद के मुताबिक, इस हमले में सीरिया के तीन नागरिकों की जान गई।

### पेजर विस्फोट के बाद हिजबुल्लाह ने किया था हमला

इजराइली हमले के बाद से लेबनानी सैनिकों ने इलाके की घेराबंदी कर दी, साथ ही वे लोगों को हमले में ध्वस्त हुई इमारत तक पहुंचने से रोक रहे थे। हालांकि, इस हमले से कुछ घंटे पहले हिजबुल्लाह ने इजराइल के उत्तरी हिस्से में भीषण बमबारी की थी। हिजबुल्लाह की ओर से इजराइल पर किया गया यह हमला लेबनान में हुए पेजर और रेडियो विस्फोट के जवाब में था। हमले के जरिए हिजबुल्ला ने इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था।

### चीन ने दुनिया को दिखाई वायुसेना की ताकत

# स्टील्थ फाइटर जे-35 ने पोत से भरी उड़ान

एजेंसी | बीजिंग

चीन के स्टील्थ लड़ाकू विमान J-35 ने कथित तौर पर विमानवाहक पोत सीएमएस लिया। ओनिंग पर परीक्षण संचालन शुरू कर दिया है। चीन के सरकारी मीडिया ने 18 सितम्बर को विमानवाहक पोत लियाओनिंग से जे-35 के सफल लैंडिंग और टेकऑफ की घोषणा की।

ये पहली बार है जब चीन ने सार्वजनिक रूप से जे-35 के विमानवाहक पोत से संचालित होने के बारे में जानकारी दी है। रक्षा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इसकी संभावित तैनाती भारत की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगी।



### चीन को मिली बड़ी सफलता

चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने सीएनएस लियाओनिंग पर प्रमुख परीक्षणों के बारे में जानकारी दी थी। हालांकि वीडियो में J-35 को उड़ान भरते या उतरते नहीं दिखाया गया था। जे-35 फाइटर जेट के विमानवाहक वैरिएंट को FC-31 के नाम से भी जाना जाता है। यह चीन के नौसेना की हवाई क्षमता को आधुनिक बनाने के लिए एडवांस पांचवीं पीढ़ी के विमानों की तरफ बढ़ने के प्रयास को दिखाता है। जे-35 के विमान वाहक आधारित संस्करण के बारे में कई सालों से चर्चा चल रही थी। जुलाई में 2022 में जे-35 वाहक प्रोटोटाइप की पहली तस्वीरें ऑनलाइन दिखाई दीं। फरवरी 2023 में एक वीडियो जारी किया गया था, जिसमें एक युवा नौसेना पायलट को एक नए वाहक आधारित जेट में उड़ान भरने की तैयारी करते हुए दिखा गया था।

### भारत के लिए बढ़ रहा खतरा

चीन जैसे-जैसे अपने अगली पीढ़ी के विमानवाहक फाइटर जे-35 के साथ आगे बढ़ रहा है, नई दिल्ली के रक्षा हलकों में चिंता उभर रही है। भारतीय रक्षा विशेषज्ञ और वायु सेना के पूर्व अधिकारी विजयेंद्र के ठाकुर इसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गुप्त खतरा बताते हैं। विजयेंद्र के ठाकुर ने से बताया है कि जे-35 का लिओनिंग से लॉन्च होना इसकी क्षमता को दिखाता है।

### चीन के जे-15 की लेगा जगह

विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्टील्थ फाइटर मौजूदा J-15 की जगह लेगा जो चीन का एकमात्र ऑपरेशनल विमानवाहक आधारित लड़ाकू विमान है। यह एक भारी वजन वाला फाइटर है, जो इसकी मिशन क्षमताओं को सीमित करता है। जे-15 की तुलना में जे-35 की तुलना में 22,000 पाउंड हल्का है। हालांकि, अमेरिकी नौसेना के लड़ाकू विमानों से यह भारी है।

### ब्रिटेन: खुद को मान रहे ड्रैगन, सांप और भेड़िया

# बच्चे 'स्पीशीज डिस्फोरिया' का शिकार

■ स्कूलों की भूमिका पर विशेषज्ञ नाराज

एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन में बच्चों से जुड़ा अद्भुत मामला सामने आया है, ब्रिटेन के एक स्कूल ने बच्चे की भेड़िए के रूप में पहचान को आधिकारिक रूप से स्वीकार किया है। बता दें कि वहां कई स्कूल के बच्चे लोमड़ी, ड्रेगन, सांप, शार्क और साथ ही डायनासोर जैसे जीवों के व्यक्तित्व को अपना रहे हैं।

इस बीमारी को 'स्पीशीज डिस्फोरिया' से पीड़ित माना जा रहा है। ये ऐसी स्थिति है, जब बच्चे की शरीर पर किसी दूसरी प्रजाति ने कंट्रोल कर लिया है। बताया जा रहा है, ब्रिटेन के एबरडीनशायर में पिछले साल एक स्कूल में छात्र ने खुद को बिल्ली बताया था और इसके बाद उसके साथ बिल्ली की तरह व्यवहार किए जाने लगा। हालांकि स्कूल ने शुरुआत में इस खबर को अफवाह बताया था। बता दें कि ये लोग ऐसे समूह से आते हैं, जो खुद को 'फरीज' कहते हैं और ये 'पशु व्यक्तित्व' या 'एनिमल पर्सोना' से जाने जाते हैं।



### 'बच्चों को इससे निकालना चाहिए बाहर'

वहीं अब इस मामले पर कई लोगों ने अपने बयान सामने रखे हैं, इस पर एक डॉक्टर मैकके ने कहा, स्कूल के शिक्षक कैसे एक बच्चे को खुद को एक भेड़िया बताना स्वीकार कर सकते हैं। उनका कहना है शिक्षकों को बच्चों को समर्थन देने के बजाय उन्हें इससे बाहर निकालने और खुद को संभालने के लिए कहना चाहिए।

### डॉक्टर ने दिया बयान

डॉक्टर मैकके ने कहा, शिक्षकों को ऐसी स्थिति का सामना करना आना चाहिए और अपना दृष्टिकोण सामान्य रखना चाहिए, ताकि स्थिति को संभाला जा सके। इस बीमारी के बारे में बात करते हुए क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर टॉमी मैकके ने कहा, "विज्ञान में स्पीशीज डिस्फोरिया जैसी कोई स्थिति नहीं है। यह हैरानी की बात है कि कई लोग खुद को किसी और रूप में पहचानना चाहते हैं।"

### अलगाववादियों की कैद में थे न्यूजीलैंड के पायलट

# मेहरटेंस को एक साल बाद किया रिहा

एजेंसी | जकार्ता

न्यूजीलैंड के अशांत पापुआ क्षेत्र में अलगाववादी विद्रोहियों की ओर से एक साल पहले बंधक बनाए गए न्यूजीलैंड के पायलट फिलिप मार्क्स मेहरटेंस को रिहा कर दिया गया है।

अलगाववादियों ने शनिवार को फिलिप मार्क्स मेहरटेंस कैद से आजाद कर दिया। फिलिप क्राइस्टचर्च के रहने वाले हैं और इंडोनेशिया एविएशन कंपनी सुसी एयर के लिए काम करते हैं। अलगाववादी विद्रोहियों ने फिलिप को कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स को सौंप दिया। बता दें कि कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स इंडोनेशिया की सुरक्षा बल है। टास्कफोर्स के प्रवक्ता बायु सुसेनो ने कहा, "वह हमें अच्छे स्वास्थ्य के साथ मिले। उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए तिमिका ले जाया गया है।" फ्री पापुआ मूवमेंट के एक क्षेत्रीय कमांडर एगियानस कोगोया के नेतृत्व वाली स्वतंत्रता सेनानियों ने पिछले साल सात फरवरी को फिलिप मेहरटेंस का अपहरण किया था। कोगोया ने पहले कहा कि जब तक इंडोनेशिया सरकार पापुआ को एक संप्रभु देश बनने की अनुमति नहीं देती, तब तक वे फिलिप को रिहा नहीं करेंगे।








सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl